संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, मंगलवार, 28 मई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 146 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रज्वल रेवन्ना का कहना है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे।

# नए आपराधिक कानून प्रणाली पूरी तरह से तकनीक पर निर्भरः गृह मंत्री अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने कहा कि समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे, 90 फीसदी गवाह वीडियो कॉल के जरिए पेश होंगे और अदालतें प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर आदेश जारी करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि तीन साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी।'

**बीते साल मिली थी मंजूरी :** नए कानूनों में देशद्रोह कानून को नए अवतार में लाया जा रहा है और इसके दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। लोकसभा में बीती 21 दिसंबर को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक को मंजूरी मिली थी। ये कानून मौजूदा कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानूनों को मंजूरी दे दी थी। अब यह कानून एक जुलाई से लागू होंगे।

**प्रणाली पूरी तरह से तकनीक पर आधारितः** शाह ने इंटरव्यू के दौरान पहली बार नए आपराधिक कानून प्रणाली पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली लगभग पूरी तरह से तकनीक पर आधारित है। उदाहरण के लिए, सभी अदालती मामले ऑनलाइन हो जाएंगे और एफआईआर, कोर्ट डायरी और फैसले का डिजिटलीकरण किया जाएगा। पहले ही, अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में देश भर में नौ करोड़ अपराधियों के फिंगरप्रिंट डाटा एकत्र किए हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के जरिए हम बहुत बड़े सुधार लाएंगे। कानून लागू होने के बाद 90 फीसदी लोगों को कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। गवाह ऑनलाइन पेश होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले समन को किसी के घर पर भेजना होता था। अब समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे। ऐसे कई बदलाव नए कानूनों में शामिल किए गए हैं। यही हाल आरोपपत्र का भी था। पहले आरोपपत्र का मतलब दस्तावेजों का विस्तार करना होता था, लेकिन एक बार नए कानून लागू होने के बाद आरोपपत्र को पेन ड्राइव के जरिए रखा जाएगा और इसका जवाब भी पेन ड्राइव के जरिए डिजिटल तरीके से दिया जा सकता है। शाह ने कहा, 'सभी मामले ऑनलाइन हो जाएंगे।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

# अग्निवीर योजना को खत्म करेंगेः राहुल

● राहुल गांधी ने अग्निवीर को मंच पर बुलाया, कहा- सरकार बनते ही इस योजना को फाड़कर फेंक दूंगा

**तंज कसा**

▶▶ ईडी के लोग मोदी से अदाणी के बारे में पूछेंगे तो मोदी कहेंगे- मैं नहीं जानता, ये मुझसे परमात्मा ने कहा था




**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार पहुंचे। इस दौरान पटना के बख्तियारपुर में इंडी गठबंधन की रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि जानते हैं नरेंद्र मोदी ने परमात्मा वाली कहानी क्यों निकाली है? जब चुनाव के बाद ईडी के लोग नरेंद्र मोदी से अदाणी के बारे में पूछेंगे तो नरेंद्र मोदी कहेंगे- मैं नहीं जानता, ये मुझसे परमात्मा ने कहा था। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी जी आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद कीजिए आप देश को बांटने की कोशिश मत करिए। राहुल गांधी ने कहा कि आप सबसे पहले देश और बिहार के युवाओं को ये बताइए कि आपने देश के युवाओं को कितना रोजगार दिया कितनी नौकरियां दी? आपने 2 करोड़ रोजगार की बात की थी आपने 1 युवा को नौकरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार आ रही है। सरकार बनते ही हम अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। सेना इस योजना को नहीं लाई है। नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर योजना को सेना पर थोपा है।

### इस चुनाव के बाद मोदी पीएम नहीं रहेंगेः राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि इस चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। क्योंकि उन्होंने युवाओं को नौकरी नहीं दी। अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। जातीय जनगणना पीएम मोदी ने नहीं करवाया। हमने जातीय गणना कराने की मांग की तो मोदी जी चुप हो गए। कहने लगे कि देश में कोई जाति ही नहीं है। केवल अमीर और गरीब दो ही जातियां हैं। मेरा सवाल है कि अगर देश में जाति नहीं है तो आप अपनी जाति ओबीसी क्यों बताते हो। राहुल गांधी ने जनता से इंडी गठबंधन को वोट देने की अपील की।

### देश में बेरोजगारी चरम परः राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि कभी चीन और पाकिस्तान की बात होगी। फिर अंबानी की शादी दिखाने लगेंगे। लेकिन, मजदूरों के मुद्दे पर कोई बात नहीं करता है। गरीब होते जा रहे हैं और अमीर-अमीर होते जा रहे हैं। देश में सिर्फ 25 से 30 लोग हैं जो अमीर होते जा रहे हैं। बाकी करोड़ों लोग गरीब है। देश में बेरोजगारी चरम पर है। कांग्रेस पार्टी इन समस्याओं को एक झटके में ठीक कर देगी। सबसे पहले हमारा काम होगा कि हम करोड़ों लाखपति बनाने जा रहे हैं।

हर गांव और शहर में गरीबों की लिस्ट बनेगी। जो भी इस देश में गरीबी रेखा से नीचे है, उसका नाम इस लिस्ट में जोड़ा जाएगा।

**तेजस्वी यादव ने भी भाजपा पर बोला हमलाः** इधर, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री जी की भाषा का स्तर इतना गिर चुका है कि कोई भी परिवार के लोग उनका भाषण नहीं सुनना चाहते। उन्होंने कहा कि क्या बात करते हैं? मंदिर, मस्जिद, मछली, मटन, मुजरा ऐसी बातों का वो जिक्र करते हैं ये उनके लिए मुद्दा है। हम पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई की बात करते हैं।

# कांग्रेस 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलियाः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बलिया की सभा में कहा कि पांच चरण में मोदी 310 का आंकड़ा पार कर गए थे। छठवें चरण में 400 का आंकड़ा पार कर गए हैं। गृहमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आइएनडीआइए अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है।

कांग्रेस पार्टी इस बार 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश यादव को चार सीट भी नसीब नहीं होगी। वह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के बेल्थरारोड हल्दीरामपुर में भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है।



**दावा**

▶▶ गृहमंत्री ने कांग्रेस और सपा की भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पर निशाना साधा

**पुराने घोटालों को जनता को कराया यादः** उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाली सपा और यूपीए सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटालों को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी ओर 25 साल से संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद भी जिनपर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

## सीएम बताए कि कहां मिले और कहां गये 55 लाख रुपए : जयराम

**हमीरपुर/बड़सरः** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हमीरपुर के बड़सर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते हैं कि चुनाव के दौरान बड़सर में 55 लाख रुपए सीज किए गए। जिसके बारे में उन्होंने अनर्गल आरोप लगाए हैं। सुक्खू बताएं कि वह पैसा कहां से मिला। किससे मिला? किसने जब्त किया। कैसे जब्त किया? किस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ? किस संस्था ने दर्ज किया? वह पैसा कहां गया? मैने हर स्तर पर पता किया। मीडिया के माध्यम से, अधिकारियों के माध्यम से, सभी माध्यमों से पता करने के बाद यह साफ हुआ कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं हैं। ऐसी कोई जब्ती रिकॉर्ड में ही नहीं हैं और मुख्यमंत्री ने इसके बारे में प्रेस वक्तव्य भी जारी कर दिया कि पैसे बरामद हुए हैं, उसके साथ और भी अनर्गल बातें की। एक मुख्यमंत्री होकर इस तरह से झूठी बातें करना मुख्यमंत्री के पद की गरिमा के भी खिलाफ हैं। इससे शर्मनाक कुछ भी नहीं हो सकता है कि एक मुख्यमंत्री इस तरह से सफेद झूठ बोले और मयार्दा के खिलाफ आचरण करें। सरकार के डेढ़ साल को मुख्यमंत्री ने सिर्फ. झूठ बोलकर चलाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब से कांग्रेस के विधायक मुख्यमंत्री की नाकामी के कारण उनका साथ छोड़ गये हैं तब से मुख्यमंत्री कुछ भी कह रहे हैं।

# राजकोट टीआरपी आगः हाईकोर्ट ने लगाई राज्य सरकार को फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबादः** गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी भीषण आग में 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया था। गेम जोन में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर हर कोई सहम जा रहा है। शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इस मामले में गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ लगातार अपनी नजर बनाए हुए है। शहर में कम से कम



दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए अदालत ने नगर निकाय और राज्य सरकार को फटकार लगाई।

**एक दिन पहले दिया था पेश होने का आदेशः** दरअसल, अदालत ने एक दिन पहले अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया था कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

**कोर्ट की लताड़**

▶▶ कम से कम दो ऐसी संरचनाओं को प्रमाणित करने में विफल रहने के लिए निकाय और सरकार को फटकार लगाई

## सेना को मिली हाइड्रोजन से चलने वाली पहली बस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली पहली बस मिल गई है। नई दिल्ली में सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सेना प्रमुख को यह बस आईओसीएल ने आज एक कार्यक्रम में सौंप दी। भारतीय सेना ने हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान खोजने की दिशा में दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए पहली हाइड्रोजन ईंधन बस को अपने बेड़े में शामिल किया है।




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केएलई एकेडमी में 14वें समागम समारोह में सर्टिफिकेट बांटते हुए।

# मोदी सरकार ने बजट को नया रूप दियाः सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्लीः** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विगत 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के लिए एक रणनीतिक खाके में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग करते हैं, उन्हें सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर देते हैं। अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने और घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है।

# पद्मश्री पुरस्कार लौटाएंगे हेमचंद मांझी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः पारंपरिक चिकित्सक वैद्यराज** हेमचंद मांझी ने अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटाने का एलान किया है। उनका कहना है कि नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार को लौटाएंगे।

**नक्सलियों से मिलीं धमकियांः** पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने रविवार रात नारायणपुर जिले के चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी। इसके साथ ही नक्सलियों ने वहां मांझी को धमकी देने वाले



बैनर लगाए। इसके अलावा वहां कुछ पर्चे भी फेंके गए, जिसमें हेमचंद मांझी की पद्म श्री सम्मान लेते हुए तस्वीर छपी थी। नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि मांझी ने नारायणपुर के छोटेडोंगर इलाके में आमदई घाटी लौह अयस्क परियोजना को शुरू करने में मदद की और इसके लिए रिश्वत भी ली। नक्सलियों द्वारा इससे पहले भी माझी पर इस तरह के आरोप लगाकर धमकी दी गई थी। उधर वैद्यराज मांझी ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

**धमकी**

▶▶ नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार को लौटाएंगे

# सरकार मुस्लिमों से आरक्षण नहीं छीन सकतीः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**



**जयपुरः** राजस्थान सरकार द्वारा ओबीसी सूची में 14 मुस्लिम समूहों की समीक्षा करने की घोषणा के बाद, राज्य के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सभी मुसलमान आरक्षण का लाभ नहीं उठाते हैं, केवल पिछड़े लोग ही इसका लाभ लेते हैं।

**सरकार कुछ नहीं कर सकतीः** गहलोत ने कहा कि सरकार चाहे कुछ भी कहे, कुछ नहीं होगा। हमने ओबीसी आयोग की सिफारिशों पर आरक्षण दिया है। सभी मुस्लिम आरक्षण का लाभ नहीं उठाते हैं, लेकिन जो पिछड़े हैं उन्हें आरक्षण मिलता है। कांग्रेस ने ओबीसी श्रेणी के तहत 14 मुस्लिम जातियों को आरक्षण दिया और राज्य सरकार जल्द ही इसकी समीक्षा करेगी।

**केंद्र को घेरा** — घर की सबसे बड़ी महिला को हर माह मिलेंगे 8500 रुपए, सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण

# केंद्र में सरकार बनते ही रद्द होगी अग्निवीर योजनाः प्रियंका गांधी

**हामिद**

**चंबाः** प्रियंका गांधी ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में एक भारी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की विदाई का समय अब आ चुका है, तथा इस सरकार का जाना निश्चित है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता में रहना चाहती है उसे आम आदमी से कोई सरोकार नहीं आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है मगर मोदी सरकार केवल सत्ता सुख पाने में लगी है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में एक ईमानदार सरकार चुनकर भेजी मगर




मोदी जी ने उसे गिराने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी धनबल का प्रयोग किया गया मगर हमारे विधायकों ने एक जुटता दिखाई जिस कारण उनके वह प्रयास सफ ल नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र यही मकसद है कि वह किसी भी हालत में सत्ता हथिया ले चाहे उसे इसके लिए कांग्रेस की सरकारें ही क्यों न गिरानी पड़े। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में जितनी भी योजनाएं बनाई गई सब खराब पतियों के लिए ही बनाई गई। आम जनता की सुविधा का इसमें कोई ध्यान नहीं रखा गया । उन्होंने कहा कि खराब पतियों के कर्ज माफ करने के लिए सरकार के पास 16 लाख करोड रुपए निकल जाते हैं मगर जहां ओ पी एस की बात आए तो उस समय सरकार के पास पैसे नहीं होते। इस सरकार में किसान एबेरोजगार जूझ रहा है जनता महंगाई से जूझ रही है पिछले 10 वर्षों के मोदी राज में बेरोजगारों की संख्या 70 करोड़ हो चुकी है 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं । प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सहित भाजपा के नेता ऊलजुल बातें कर वोट मांग रहे हैं जिसमें कहा जा रहा है कि कांग्रेस आपकी भैंस चुरा लेगी मंगलसूत्र चुरा लेगी। वह कांग्रेस को भ्रष्टाचारी पार्टी बता रहे हैं। कांग्रेस ने 55 वर्षों तक देश पर राज किया मगर वह दुनिया की सबसे अमीर पार्टी नहीं बन पाई मगर भारतीय जनता पार्टी ने तो मात्र 10 वर्षों में ही यह कारनामा करके दिखा दिया तो इस में भ्रष्टाचार में कौन लिप्त है यह आप सब जानते हैं।

**साधा निशाना**

▶▶ भारतीय जनता पार्टी सरकार की विदाई का समय अब आ चुका है, तथा इस सरकार का जाना निश्चित है

# यूपी से खत्म हुआ माफिया राजः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज



शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

**कृष्णानंद राय के हत्यारों को सपा ने दिया था संरक्षणः** मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे।

इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं।

# उत्तराखंड आने वाले चारधाम यात्री रहें सतर्क

## पहाड़ पर आसमान से बरसेगी आफत, गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

**मौसम**

▶▶ गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं, 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड आने वाले चारधाम यात्री सतर्क रहें। चारधाम यात्रा रूट पर अगले चार दिन तक बारिश की संभावना है। ऐसे में यात्रियों को सावधानीपूर्वक यात्रा करने के साथ सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग ने चारधाम तीर्थयात्रियों को सलाह देते हुए आग्रह किया है कि तीर्थयात्री बारिश होने पर यात्रा करने से बचें। मौसम पूवार्नुमान की जानकारी लेने के बाद यात्रा करें। चारधाम यात्रा के दौरान रात होने से पहले अपने गंतव्य पर पहुंचे। खाने-पीने की चीजें यात्रा के दौरान साथ रखें। गर्म कपड़े और जरूरी दवाएं साथ लेकर यात्रा पर चलें।
उत्तराखंड में मई का महीना सबसे गर्म रहा। लेकिन अब मौसम करवट लेने वाला है। पहाड़ी इलाकों में अगले चार दिन मौसम का मिजाज बदला रहेगा। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। हालांकि मैदानी इलाकों में अब भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में अब प्रदेश में मौसम के दो रूप देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।
उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में इन दिनों गर्मी भरा मौसम है। लोग चिलचिलाती गर्मी से परेशान हैं तो वहीं अब पहाड़ी इलाकों में आफत की बारिश होने वाली है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने प्रदेश में 27 मई से लेकर 31 मई तक प्रदेश के 10 जिलों देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, टिहरी, पौड़ी और अल्मोड़ा में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**11 जिलों में अगले चार दिनों तक बारिश की संभावना-**
28 मई को उत्तराखंड के 11 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी, चंपावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल, रुद्रप्रयाग और अल्मोड़ा में बारिश हो सकती है। साथ ही 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है तो वहीं हरिद्वार और उधम सिंह नगर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 31 मई तक उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में हैं चारधाम**
केदारनाथ धाम उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बद्रीनाथ धाम चमोली जिले में है। इस धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम उत्तरकाशी जिले में हैं।

**मैदानी इलाकों में बढ़ते पारे से लोग बेहाल-**
उत्तराखंड के मैदानी जिलों की बात करें तो यहां तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में पारा चढ़ने से लोगों का जमकर पसीना निकल रहा है। बढ़ते पारे की वजह से लोग बेहाल हो रहे हैं।
तपती गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोगों का जमकर पसीना निकल रहा है। सोमवार को देहरादून में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# उत्तरकाशी के मोरी के सालरा गांव में कई आवासीय भवनों में आग से हड़कंप

**रवाना**

▶▶ -अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ और राजस्व टीमें घटनास्थल के लिए रवाना



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सीमांत विकास खंड मोरी के सालरा गांव में कई आवासीय भवनों में आग लगने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।
गांव सड़क मार्ग से आठ किलोमीटर दूर होने के कारण वहां पर फायर सर्विस भी नहीं पहुंच पा रही है। जिलाधिकारी ने आग पर काबू पाने के लिए वायुसेना से भी मदद मांगी है।
ग्राम प्रधान सालरा की सूचना के बाद एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व टीमों को घटनास्थल के लिए तत्काल रवाना किया गया है। मोरी से अग्निशमन टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना की गई है। मेडिकल टीम, वन विभाग और पशु चिकित्सा टीमों को भी मौके पर भेजा गया है।
जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने उपजिलाधिकारी पुरोला और तहसीलदार से मोरी की घटना की जानकारी मांगी है। उन्होंने मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए हेलीकॉप्टर भेजे जाने के लिए वायु सेना से अनुरोध किया गया है। प्रशासन ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि लगभग दस आवासीय मकानों पर आग लगने की सूचना बताई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण को अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पाण्डे ने सोमवार को बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उन्होंने अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। इसमें परिषद ने मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को 6 अक्टूबर 2023 को भेजे गए ज्ञापन में समस्याओं के निराकरण के लिए 21 नवंबर 2023 को उनकी अध्यक्षता में बैठक का हवाला दिया है।
प्रदेश अध्यक्ष अरुण पाण्डे ने पत्र कहा कि गत बैठक में निर्णय लिया गया था कि एसीपी के अन्तर्गत 10, 16 एवं 26 वर्ष की सेवा पर पदोन्नत वेतनमान दिये जाने हेतु विभिन्न विभागों में तीन पदोन्नति न प्राप्त कर सकने वाले कार्मिकों का संवर्गवार आंकड़ा वित्त विभाग के पास एकत्र हो चुका है। उन्होंने कहा कि उक्त सुविधा को पूर्व की भांति बहाल किया जाये।
उन्होंने बताया कि वेतन समिति के सम्मुख विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति दूर किये जाने को मजबूत पैरवी की गयी है। पदोन्नति में शिथलीकरण की व्यवस्था को पूर्व की भांति बहाल किया जाये। गोल्डन कार्ड के अन्तर्गत ओपीडी में जनऔषधि केन्द्रों से कैशलेस दवा एवं सुपर स्पेशलिस्ट पंजीकृत चिकित्सालयों में कैशलेस जांच की जायें। विभिन्न विभागीय सघों द्वारा की गयी मांग पर विभिन्न घटक संघों की शासनस्तर पर वार्ता अयोजित की जाये । साथ ही जनपद, मण्डल एवं शासन के स्तर पर कार्मिक संगठनों के साथ बैठक के लिए कार्मिक सचिव के जारी किये गये निर्देश के अनुसार बैठकें आयोजित की जायें। इसी तरह 22 बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया था, जिनको लागू कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि परिषद द्वारा प्रदेश के भण्डार कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी अपर मुख्य सचिव से बैठक आयोजित करने की मांग भी पत्र प्रेषित कर की गयी है।

### क्षेमा की प्रमुख फसल बीमा योजना सुकृति अब 20 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज अपने प्रमुख फसल बीमा उत्पाद सुकृति के साथ-साथ प्रकृति को भारत के 20 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध कराने की घोषणा की। अब, भारत की जीडीपी में लगभग 15 प्रतिशत योगदान देने वाले किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं क्योंकि मानसून के आगमन के साथ ही खरीफ की बुवाई का महत्वपूर्ण समय आरंभ होता है।
क्षेमा सुकृति की विस्तृत पहुंच किसानों और उनके परिवार के उन सदस्यों के लिए एक वरदान है, जिनकी बीमायोग्य आय होती है। वे मुफ्त में पंजीकरण कर सकते हैं और केवल 499 रुपये प्रति एकड़ की दर से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान क्षेमा ऐप पर लॉग-इन करके सुकृति को कुछ आसान स्टेप्स में खरीद सकते हैं, जो भारत का पहला और एकमात्र स्वनिर्धारित फसल बीमा उत्पाद है। सुकृति किसानों को नौ जोखिमों में से एक मुख्य और एक सहायक परिस्थिति का चयन करने का विकल्प देती है। यह खूबी उन्हें उन परिस्थितियों का चयन करने में सहायता करता है जो उनकी फसल को, जलवायु, क्षेत्र, खेत का स्थान, अन्य ऐतिहासिक प्रवृत्तियों आदि के आधार पर, सबसे ज्यादा प्रभावित कर सकती हैं। कवर किए गए जोखिमों में चक्रवात, जल-जमाव (जलप्रिय फसलों के लिए लागू नहीं), बाढ़, ओलावृष्टि शामिल हैं, जबकि छोटे जोखिमों में भूकंप, भूस्खलन, बिजली से लगी आग, जानवरों का हमला (बंदर, खरगोश, जंगली सूअर, हाथी) और विमान से होने वाले नुकसान शामिल हैं।सुकृति अब किसानों और उनके परिवार के बीमा योग्य आय रखने वालों सदस्यों के लिए और भी आकर्षक हो गई है। वे अब अपने घर से ही सुकृति खरीद सकते हैं और 100 से अधिक मौसमी फसलों का बीमा करा सकते हैं। यह योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित किसी भी अन्य बीमा योजना की तुलना में अधिक फसलों को कवर करती है। किसान, सुकृति खरीदते समय, अतिरिक्त प्रीमियम देकर बीमित राशि बढ़ाने का विकल्प चुन सकते हैं ताकि अपने वित्तीय हितों की सुरक्षा कर सकें।

# हरिद्वार में चलती कार बनी आग का गोला

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज दोपहर तेजी से जा रही एक कार अचानक आग के गोले में तब्दील हो गई। ड्राइवर ने समय रहते कार से निकल कर अपनी जान बचायी। मौके पर पहुंची श्यामपुर पुलिस ने आग पर काबू किया और मौके पर एकत्रित भीड़ को वहां से हटाया।
श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि आज दोपहर एक कार यूपी12 बीएस 2117 हरिद्वार से नजीबाबाद की तरफ तेजी से जा रही थी। तभी कांगड़ी स्थित प्रेम भोजनालय के पास अचानक उक्त कार में आग लग गई। कार चला



रहे ड्राइवर अमन कुमार निवासी ग्राम कुर्बालियन, थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर ने तुरंत बाहर निकलकर अपने आप को बचाया। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त वाहन की आग को अग्निशामक यंत्र से बुझाया। कार में आग लगने की वजह का पता नहीं चला है।

# ओडिशा में जनता परिवर्तन का मन बनाया है: त्रिवेन्द्र सिंह रावत

**लोकसभा चुनाव**

▶▶ रावत ओडिशा की तीन लोकसभा मयूरभंज, भद्रक और बालेश्वर की बागडोर संभाली है।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार ओडिशा की जनता जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है।
उत्तराखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की समाप्ति के बाद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ओडिशा की तीन लोकसभा मयूरभंज, भद्रक और



बालेश्वर की 21 विधानसभाओं की बागडोर संभाली है। राष्ट्रीय नेतृत्व में उनके अनुभावों के आधार पर उनको यह जिम्मेदारी सौंपी है।लगभग एक महीने से ज्यादा का व्यक्त त्रिवेंद्र सिंह रावत इन तीनों लोकसभा की अलग-अलग विधानसभाओं में बिता चुके हैं। उनका कहना है कि हर रैलियों, कार्यक्रमों और नुक्कड़ सभाओं में भारतीय जनता पार्टी को जनता का सहयोग मिल रहा है।
पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस बार उड़ीसा में भाजपा सरकार और केन्द्र में फिर एक बार मोदी सरकार यानी डबल इंजन सरकार बनेगी। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ, पात्र लोगों तक पहुंचा है और लोग भाजपा और मोदी को चुनकर इसका जवाब 04 जून को चुनाव परिणाम के रूप में देंगे।
उन्होंने कहा कि पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर से लेकर दक्षिण तक चारों ओर एक ही पुकार है। देश में एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहते हैं।

# पोखरी-कर्णप्रयाग मोटर मार्ग के सुधारीकरण में तेजी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

▶▶ दो वर्षों से कर्णप्रयाग-पोखरी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण और डामरीकरण का कार्य चल रहा है।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी तहसील मुख्यालय को कर्णप्रयाग से जोड़ने वाले मोटर मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण के कार्य में तेजी लाने की मांग को लेकर सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पोखरी और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपा।
व्यापार संघ पोखरी के अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह राणा और ग्राम प्रधान ललित मिश्रा का कहना है कि दो वर्षों से कर्णप्रयाग-पोखरी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण और डामरीकरण का कार्य चल रहा है। कार्य में तेजी न होने के कारण जगह-जगह पर मलबे के ढेर लगे होने से वाहनों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# हल्द्वानी जेल में प्रशासन और पुलिस की रात में हुई छापेमारी से मचा हड़कंप

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
देर रात प्रशासन और पुलिस ने हल्द्वानी जेल में छापेमारी की। इस छापेमारी से जेल प्रशासन और बंदियों में हड़कप मच गया। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, सीओ संगीता और जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय मौजूद थे। इस दौरान बंदियों के बैरक देखे गए और सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी देखा गया, जहां पर उन्हें कोई बड़ी खामी नहीं मिली। हालांकि जेल में बंदियों की अधिक संख्या और उनके बैरकों में रहने की अच्छी व्यवस्था नहीं होने पर अधिकारियों ने चिंता जताई है।

# दो वर्ष पूर्व चीला शक्ति नहर में समाई पिता-पुत्र की कार को एसडीआरएफ की टीम ने किया बरामद



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
दो वर्ष पूर्व चीला शक्ति नहर में पिता पुत्र सहित एक कार के गायब हो जाने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने नहर से 3 वर्षीय पुत्र को बरामद कर लिया था। इसके उपरांत गुम हुई कार को सोमवार की सुबह पिता के कंकाल सहित बरामद कर लिया।
एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि उक्त हादसा 2 अप्रैल 2022 को हुआ था।
इस दौरान एक कार चीला शक्ति नहर में रहस्यमय स्थिति में गिर गई थी, जिसमें ऋषिकेश निवासी पिता पुत्र सवार थे। इसमें से पुत्र राघव बंसल 3 वर्ष का शव एसडीआरएफ की टीम ने घटना के कुछ ही दिन बाद बरामद कर लिया था। लेकिन पिता अर्चित बंसल, 32 वर्ष का कुछ पता नही चला था, जिसकी तलाश

**बरामद**

▶▶ गुम हुई कार को सोमवार की सुबह पिता के कंकाल सहित बरामद कर लिया।

एसडीआरएफ की टीम ने कई महीनों तक की थी। कार का कोई पता नहीं चल सका था। आजकल चीला शक्ति नहर में मेंटिनेंस का कार्य चलने के कारण पानी कम होने से कार दिखाई दी, जिसमें मानव का शव (कंकाल) भी था। इसकी सूचना पर पुलिस व मृतक के परिजनों को दी गई, जो कि जिला पुलिस, एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे।
एसडीआरएफ की टीम ने शव को जिला पुलिस को सुपर्द कर दिया है। अब शिनाख्त की प्रक्रिया चल रही है।

# जेलम व कागा को वाइब्रेंट विलेज योजना से जोड़ने की मांग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड के सीमावर्ती गांव द्रोणागिरी, जेलम और कागा गरपक को वाइब्रेंट विलेज योजना से जोड़े जाने की मांग की है। इसको लेकर सोमवार को सीमांत गांव के जनप्रतिनिधियों ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी जोशीमठ के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है।
ग्राम प्रधान कागा पुष्कर सिंह राणा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सीमांत गांवों को देश का पहला गांव का दर्जा देते हुए उन गांवों के लिए एक योजना का अनावरण किया था, जिसे



वाइब्रेंट विलेज विलेज (जीवंत ग्राम) का नाम दिया था। जिसके अंतर्गत सीमांत चमोली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के लगभग नौ ग्राम सभाओं के गावों को शामिल किया गया।
सीमांत जनपद चमोली के जोशीमठ विकास खंड के जो सबसे दूरस्थ ग्राम सभाओं के गांव हैं, जिसमें द्रोणागिरी, जेलम और कागा गरपक भी शामिल हैं। इन गांवों में पहुंचने के लिए ग्रामीणों को नौ-नौ किलोमीटर पैदल का रास्ता तय करना पड़ता है और अपने दिनचर्या की सामग्री को पीठ पर लाद के पहुंचाना पड़ता है। इन ग्राम सभाओं के गावों को अभी तक इस योजना से वंचित रखा गया, यह चिंता का विषय है।
उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज की जो परिकल्पना है, वह शायद ग्रामीणों को इस योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराना और अन्य दिनचर्या की सुविधा मुहैया कराना है। ताकि पलायन को रोका जा सके।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग में यात्रियों की सेवा में मुस्तैद हैं पीआरडी जवान

**केदारनाथ धाम**

▶▶ जवानों का कराया गया है 10 लाख रुपये तक का बीमा, राशन भी कराया जा रहा उपलब्ध



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पीआरडी जवान केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में अपने कार्यों से यात्रियों का दिल जीतने का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से भी पीआरडी जवानों के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार इन जवानों का पहली बार 10 लाख रुपये तक का बीमा कराया गया है। साथ ही उनके भोजन-पानी की भी प्रशासन के स्तर से बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं।
केदारनाथ पैदल मार्ग में कठिन परिस्थितियों के बीच पीआरडी के ये जवान श्रद्धालुओं की सेवा से लेकर रेस्क्यू तक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं तो म्यूल टास्क फोर्स के अंतर्गत घोड़े- खच्चरों के मानक अनुसार संचालन का कार्य भी देख रहे हैं।
केदारनाथ धाम तक पैदल यात्रा मार्ग को सात पड़ाव में बांटा गया है। हर पड़ाव पर समान्य ड्यूटी के लिए पीआरडी के 06 और रेस्क्यू एवं अन्य कार्यों के लिए डीडीआरएफ के 06 जवान तैनात हैं। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ म्यूल टास्क फोर्स के जवान तैनात हैं जो नियमित रूप से घोड़ा- खच्चर संचालन के लिए बनाए गए नियम-कानूनो का पालन करा रहे हैं। तत्परता से ड्यूटी करने वाले पीआरडी जवानों की सेहत का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।
इस वर्ष पिछले वर्षों के मुकाबले दोगुने लोगों की ड्यूटी यात्रा मैनेजमेंट में लगायी गई है, जिससे जवान यात्रा में सुगमता से ड्यूटी कर सकें एवं उनकी सेहत भी ठीक रहे। यात्रा मार्ग पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने वाले पीआरडी जवानों के लिए विशेष पहल करते हुए उनकी ड्यूटी में सुधार किया गया है।

**इस वर्ष 90 से 95 जवानों की यात्रा मैनेजमेंट में ड्यूटी-**
मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने बताया कि पिछले वर्षों के मुकाबले दोगुने पीआरडी जवानों की ड्यूटी यात्रा में लगायी गई है। जहां पिछले साल यात्रा के दौरान 50 के आसपास ही पीआरडी जवान यात्रा मैनेजमेंट का हिस्सा होते थे तो इस वर्ष 90 से 95 जवानों को यात्रा मैनेजमेंट में लगाया गया है। इससे जवानों की ड्यूटी रोटेशन में लगायी जा रही है ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें आराम मिल सके। इसके अलावा प्रशासन की तरफ से इन्हें राशन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि खाने की कोई समस्या न हो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी संभाल रहे हैं।

# कोठियालसैंण मोटर मार्ग को लीसाबैंड तक जोड़े जाने की मांग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के नगर पालिका क्षेत्र के कोठियालसैंण से पाडुली तक बनाए जा रहे मोटर मार्ग को गोपेश्वर-चमोली मोटर मार्ग पर स्थित लीसाबैंड पर जोड़े जाने की मांग की है। इसको लेकर सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।
स्थानीय ग्रामीण योगेंद्र बिष्ट, चरण सिंह, दीपक बिष्ट का कहना है कि कोठियाल सैंण से चमणाऊं, पाडुली, बगढ़वालधार तक मोटर मार्ग स्वीकृत है। लेकिन यह मोटर मार्ग मात्र एक किलोमीटर ही बन पाया है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 41-DRM-MB-24-25<br>Date 25.05.2024 |
| कार्य का नाम | Dewalering of LHS Limited Height subway in ON-BLM and RAC-SPC section of SSE/W/BLM and SSE/W/SPC under ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 20.06.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39,99,940.50 |
| धरोहर राशि | 80,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 06.06.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 25.05.2024 1579/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री धामी ने ऋषिकेश में यात्रा ट्रांजिट कैंप का किया औचक निरीक्षण

**निर्देश**

**-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को और अधिक सुदृढ़ व्यवस्था किए जाने के दिए निर्देश**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकेश पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से मुलाकात कर यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को और अधिक सुदृढ़ व्यवस्था किए जाने के दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्राओं की अत्यधिक संख्या बढ़ने के कारण कुछ परेशानियां आई थीं। अब इस स्थिति पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में चारधाम यात्रा सुरक्षित और निर्बाध ढंग से पूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां ट्रांजिट कैंप में ठहरे तीर्थ यात्राओं से मुलाकात कर उनका हाल जाना। तीर्थयात्रियों ने बताया कि वह पंजीकरण न होने के कारण यहां ठहरे हुए हैं। तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री से शीघ्र पंजीकरण खोलने और यात्रा सुचारु करने की मांग की। इस पर उन्होंने तीर्थयात्रियों से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। शीघ्र ही उनका पंजीकरण कर तीर्थयात्रा पर भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रांसिट कैंप में खोले गए चिकित्सालय, हेल्पलाइन, पंजीकरण काउंटर और यात्रियों के लिए बनाए गए डोर मैट्रिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को और चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा व्यवस्थाएं काफी हद तक पटरी पर लौट आई हैं। ऋषिकेश और हरिद्वार में ठहरे तीर्थ यात्रियों का बैकलॉग भी कम हो रहा है। अब शीघ्र ही ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था खोल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह सभी कदम उठाए गए थे। सरकार यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सरकार अन्य राज्यों के संपर्क में भी है। उन्हें लगातार यात्रा संबंधित फीडबैक उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे, आईजी गढ़वाल केएस नागनियाल, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल, नगर आयुक्त शैलेंद्र नेगी, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, एसपी ग्रामीण लोकजित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार संदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

# दूसरों के लिए जिएं:ब्रह्माकुमारी पूनम बहन



**काशीपुर/उधमसिंह नगर/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कहा कि दूसरों के लिए जिएं। रिश्तों में प्यार, सम्मान, दर्द जो भी हम देते हैं, वही वापस आता है। निरीक्षण करिए मुझे संबंधों में क्या देना है? याचक नहीं दाता बनना है। यही भारत की प्राचीन संस्कृति है। सबको प्यार, शुभकामना, खुशी, दुआएं, सहयोग देना है, तभी हम सदा सुखी रह पायेंगे।

**शिविर**

**दूसरों के लिए जिएं। रिश्तों में प्यार, सम्मान, दर्द जो भी हम देते हैं, वही वापस आता है।**

वे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय काशीपुर के तत्वाधान में रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि सब कुछ परमात्मा को सौंप दें- सुखी रहने के लिए ट्रस्टी बनकर सब कार्य करें। जिम्मेवारी परमात्मा को दे दें। घर का प्रमुख परमात्मा को बना दे। हर आत्मा का अपना भाग्य है। ट्रस्टी बन पूरी ऊर्जा लगाकर हर कार्य को करें। फिर परिणाम परमात्मा को अर्पित कर दें। दिल से अर्पित करेंगे तो परमात्मा की शक्तियां काम करने लगेंगी और समाधान सामने आ जाएगा।

# महिला से नब्बे हजार की आनलाइन ठगी

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर की एक महिला से उसके बेटे को दुष्कर्म के मामले में फंसने से बचाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये मांगे जाने की सनसनीखेज घटना सामने आयी है। इस मामले में महिला ने 90 हजार रुपये साइबर ठग को दे भी दिये। इसके बाद उसे ठगे जाने का अहसास हुआ। इस पर उसने पुलिस में शिकायत की है।

नगर की एक महिला को तल्लीताल थाने के नाम पर एक नये नंबर से फोन आया कि उनका बेटा पुलिस की कस्टडी में है। क्योंकि उसने एक लड़की से दुष्कर्म किया है। यदि बेटे को छुड़ाना है और लड़की से समझौता करना है तो ढाई लाख रुपये देने होंगे। बेटे को बचाने के लिये




अधीर हुई महिला ने आरोपित के बताये गये यूपीआई पते पर गूगल-पे से ऑनलाइन तीन बार में 20-20 और 50 हजार यानी कुल 90 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद वह और 50 हजार भेज रही थी, लेकिन गूगल-पे से एक दिन में अधिकतम एक लाख रुपये ही भेजने की सीमा के कारण वह और रुपये नहीं भेज पायी।

इसी बीच दूसरे नंबर पर उसके बेटे का फोन आ गया और उसने बताया कि वह तो कॉलेज में है। उसके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

] तब महिला को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। तल्लीताल के थानाध्यक्ष रमेश बोहरा ने पूछने पर बताया कि मामला संज्ञान में आया है पर अभी तक ऐसी कोई औपचारिक शिकायत उन्हें नहीं मिली है।


## नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष ट्रांजिट कैम्प में किए गए तैनात

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर मजिस्ट्रेट, देहरादून प्रत्यूष सिंह को चारधाम यात्रा प्रबन्धन एवं नियंत्रण संगठन यात्रा ट्रांजिट कैम्प में तैनात किया है। इस बाबत गढ़वाल मंडल आयुक्त शंकर पाण्डेय ने यात्रियों के चारधाम यात्रा प्रबन्धन एवं नियंत्रण संगठन यात्रा ट्रांजिट कैम्प ऋषिकेश में आगमन पर आवश्यक जानकारी प्रदान करने और उनको आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट, देहरादून यात्रा ट्रांजिट कैम्प में तैनात किया है।गढ़वाल मंडल ने बताया कि चारधाम यात्रा के अंतर्गत श्री केदारनाथ धाम, श्री यमुनोत्री धाम, श्री गंगोत्री धाम एवं श्री बद्रीनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों की काफी संख्या में आगमन हो रहा है।

# आबादी क्षेत्र में कुत्ते को पौन घंटे तक नोंचता रहा गुलदार

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के तल्लीताल-माउंट रोज कंपाउंड क्षेत्र में एक मंदिर के बाहर खून ही खून दिखने से सनसनी फैल गयी। इससे स्थानीय लोग किसी अनिष्ट की आशंका से सहम गये। बाद में आसपास के घरों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर मामला गुलदार की ओर से एक कुत्ते को शिकार बनाने का निकला। कुत्ते का एक अधखाया पैर भी क्षेत्र में बरामद हुआ।

सरन दास नाम के व्यक्ति ने सोमवार सुबह माउंट रोज कंपाउंड के समीप शिव मंदिर से लगी सीढ़ियों में काफी मात्रा में खून देखा तो अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी दी। इसके आसपास



रहने वाले लोग भी किसी अनहोनी की आशंका में सहम गए। इसके बाद लोगों ने वहां मौजूद खून के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन इसकी जानकारी नहीं मिली।

इस पर लोगों ने आसपास के घरों के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग जांची तो उच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रात्रि करीब डेढ़ बजे एक वयस्क गुलदार शिव मंदिर के पास से एक आवारा कुत्ते को दबोचकर लाता और रात्रि करीब सवा दो बजे तक यानी पौने घंटे तक कुत्ते को नोंचता नजर आया।क्षेत्रीय लोग इस घटना के बाद इसलिये भी डरे हुए हैं कि इस आबादी क्षेत्र में रात्रि में इतनी लंबी अवधि तक हिंसक वन्य जीव की मौजूदगी बनी रही। इस मामले में नगर पालिका रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। रात्रि में क्षेत्र में गश्त लगाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश


### फैबइंडिया लाए हैं - धरती से लेकर आसमान तक का हर पहलू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आधुनिक फैशन और सदाबहार परंपराओं के बीच सामंजस्य बनाते हुए , प्राकृतिक सौंदर्य , ऊर्जा और आरामदायक वस्त्र हमारे इस अभियान में अग्रणी हैं। फैबइंडिया के पश्चिमी परिधानों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए ये बदलाव की श्रृंखला प्रकृति से प्रेरित डिजाइनों को आधुनिक पअश्चिमी परिधानों के साथ जोड़ती है। जिसका हर स्टाइल ( स्वरूप ) मनमोहक बन जाता है । इस श्रृंखला की हर कृती बेजोड़ कारीगरी की दास्तान कहती है । जहां महिलाएँ शर्ट , टॉप और अन्य वस्तुएँ पर शानदार फैब्रिक और कड़ाही के साथ-साथ ढेर सारी पोशाकों की श्रृंखला को अंगीकार कर सकती है , वही पुरुष विभिन्न प्रकार के आरामदायक फैब्रिक, सजीले छापों और रंगों के साथ लुभावनी शर्ट व पैंट की मनमोहक रेंज में से अपने पसंदीदा वस्त्रों का चुनाव कर सकते हैं ।

टील कॉटन प्रिंटेड मैक्सी 3,299 रुपये

सुकून का अहसास कराने वाली इस सूती छापेदार मैक्सी का आनंद लें जो किसी खास मौके पर बाहर जाने या किसी खास शाम के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह ड्रेस गर्मियों के दिनों के आपके वॉर्डरोब में कुछ नयापन लाने में मददगार हो सकती है। हमें तो ग्लेडिएटर फ्लैट चप्पलों और कानों में हूप्स के साथ यह पसंद है।

बेज कॉटन प्रिटेंड रेगुलर शर्ट 1,699 रुपये

बेहतरीन क्वालिटी के कॉटन से बनी यह शर्ट आरामदायक भी है और स्टाइलिश भी। इसका आकर्षक प्रिंट इसे लुभावना बनाता है जिसकी वजह से इसे कई अलग-अलग तरह के मौकों पर पहना जा सकता है। कैजुअल लुक के लिए इस शर्ट को आरामदायक डेनिम जीन्स और स्नीकर्स के साथ पहनें।

ग्रीन कॉटन स्लिम फिट मिड प्लैकेट शर्ट 1,299 रुपये

इस कॉटन शर्ट के साथ अपने वॉर्डरोब में ताजगी महसूस करें। मिड-प्लैकेट डिजाइन आधुनिकता का अहसास कराता है, जिसकी वजह से आप इसे किसी कैजुअल और सेमी-फॉर्मल मौके पर पहन सकते हैं। आरामदायक लिनेन पैंट और कोल्हापुरी चप्पल के साथ इसका लुक बहुत बढ़ जाता है!

इंडिगो कॉटन प्रिंटेड मिडी ड्रेस 1,999 रुपये

चाहे आप आफ्टरनून लंच अटेंड कर रहे हों या यूं ही शहर घूमने निकले हों, यह ड्रेस आपको बाकी लोगों से अलग पहचान जरूर दिलाएगी। इस शानदार ड्रेस के साथ सरलता और स्टाइल की खूबसूरती को एक्सप्लोर करें।


# प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनायी गयी पुण्यतिथि

**पुण्यतिथि**

**इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने नेहरू को याद करते हुए भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया।




माहरा ने पं. नेहरू के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पण्डित जवाहर लाल नेहरू के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किये त्याग और योगदान पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि पं. नेहरू ने पूरे विश्व में भारत के विकास का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया था। आज भी उन्हें पूरे विश्व में मिश्रित अर्थ व्यवस्था का जनक माना जाता है। उन्होंने कहा कि पण्डित नेहरू के 12 विचार आज के भारत निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा था कि नागरिकता देश की सेवा में होती है। संस्कृति मन और आत्मा का विस्तार है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता पं. नेहरू बहुलतावादी समाज, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय और साझा समृद्धि के लिए राष्ट्र के संसाधनों पर समान अधिकार और अवसर के पक्षधर थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का स्मरण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज हम सबको पंडित जवाहर लाल नेहरू के बताये हुए रास्ते पर चलकर देश को प्रगति की ओर ले जाने का काम करना है। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में सत्ता के लगभग 50 वर्षों के सफर में भारत वर्ष को दुनिया के सामने एक ताकतवर शक्ति के रूप में खड़ा करने का काम किया है।

इस अवसर पर महामंत्री नवीन जोशी गोदावरी थापली, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट, महामंत्री राजेन्द्र शाह, प्रवक्ता सुनीता प्रकाश, राजेश चमोली, मोहन काला, आशीष नौटियाल, सुलेमान अली, आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, उदयवीर पंवार, अनुराधा तिवारी सविता थापा सुदेश, अर्जुन पासी आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम के कर्मचारियों ने बिना नोटिस दिए की कार्रवाई, लोग भड़के

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम के कर्मचारियों ने शिवपुरम लेन नंबर-2 वार्ड-99 नकरौंदा में स्थानीय लोगों के घरों की बाउंड्रीवाल और बाहर बनी क्यारी को बिना नोटिस दिये तोड़ दिया। बिना नोटिस अथवा पूछताछ के हुई इस कार्रवाई से स्थानीय लोग भड़क उठे। उन्होंने इस सम्बन्ध में एसडीएम शालिनी कनौजिया को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वालों में दीपक नेगी, कुसुम बिष्ट, देवेश्वरी भट्ट आदि के घरों पर यह इकतरफा कार्रवाई हुई है।

# सप्ताहांत पर कैंची धाम आये 25 हजार से अधिक यात्री: आयुक्त

**नैनीताला/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को चारधाम यात्रा, मानसखंड और कैंची धाम के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयुक्त दीपक रावत से कैंची धाम और मानसखंड के बाबत की जानकारी ली। आयुक्त ने बताया कि बीते सप्ताहांत में 25 हजार से अधिक यात्री कैंची धाम में दर्शन करने पहुंचे।

आयुक्त रावत ने बताया कि कैंची धाम के आसपास छोटी-छोटी पार्किंग बनाने की आवश्यकता है। आगामी 15 जून को कैंची में होने




वाले मेले की तैयारी शुरू हो गई हैं। इसके लिये भवाली में नैनी बैंड-सेनिटोरियम बाइपास, मस्जिद के पास, पालिका मैदान व जल संस्थान सहित कई स्थानों पर अस्थाई पार्किंग एवं पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य कैंप आदि की सुविधाएं तैयार की जा रही हैं।

इसके अलावा आयुक्त ने चारधाम यात्रा पर कहा कि कई श्रद्धालु नैनीताल जिले से होते हुए भी चार धाम यात्रा पर जाते हैं।

उन्होंने बताया कि भवाली से रानीखेत तक होम स्टे की व्यवस्था है, लेकिन चौखुटिया-गैरसैंण आदि इलाकों में होम स्टे, रैनबसेरा, आदि की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने वहां भी होम स्टे, रैनबसेरा आदि की व्यवस्था कराने की बात कही।

# जापान के मोटो और नेपाल से आये युवाओं ने केदारनाथ यात्रा पर कहा-सपने सच करने जैसी यह यात्रा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ धाम में दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। जापान से आये उका मोटो और नेपाल से आए युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा सपने सच करने जैसी है। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं से यह विदेशी तीर्थयात्री खासे प्रभावित नजर आए।

**अनुभव**

**केदारनाथ धाम मार्ग पर की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं से विदेशी तीर्थ यात्री प्रभावित नजर आए**

जापान के रहने वाले उका मोटो ने बताया कि वे गुरुग्राम में ऑटोमोटिव कंपनी के लिए काम करते हैं। उनकी श्री केदारनाथ धाम के दर्शन की बहुत इच्छा थी। इसको लेकर वह सड़क मार्ग से श्री केदारनाथ धाम पहुँचे। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम बहुत ही पवित्र स्थल है और यहां प्रशासन की ओर से बेहतर व्यवस्था की गई हैं।

इसी तरह नेपाल से आये युवाओं ने बताया कि वे गौरीकुंड से ट्रैक कर-के यहां तक पहुंचे और उन्हें धाम में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से यहां आने की सोच रहे थे और यह सपने के सच होने जैसा लग रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबा की मर्जी से इस बार उन्हें यहां आकर पुण्य कमाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यहां पर सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। यहां पर सब कुछ अच्छे से चल रहा है।

# चार धामों के अलावा यात्रा मार्गों पर भी क्षमता का आंकलन किया जाए: मुख्यमंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों की धारण क्षमता के अलावा यात्रा मार्ग के अन्य स्थलों पर भी श्रद्धालुओं और वाहनों की धारण क्षमता का आंकलन करना जरूरी है। तीर्थाटन और पर्यटन मार्गों पर पार्किंग और मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कैंची धाम के लिए शटल बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा, मानसखण्ड मदिंर माला मिशन, कैंचीधाम और पूर्णागिरी में विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में हर साल श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। चारधाम यात्रा मार्गों और राज्य के तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर पार्किंग और मूलभूत आवश्यकताओं से



संबंधित प्रस्ताव आवास विभाग को भेजे जाएं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के चरम सीमा वाली अवधि में हर साल के लिए विशेष प्लान बनाया जाए। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल सेवा शुरू होने से पहले रेल मार्गों पर और कर्णप्रयाग एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी कार्ययोजना के साथ कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा सुचारु रूप से चलने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शासन और प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसी मनोयोग के साथ चारधाम यात्रा को आगे भी सुव्यवस्थित रखना है। उन्होंने कहा कि 31 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण बंद रखे जाएं। यात्रा के अनुरूप ऑफलाइन पंजीकरण पर आगे निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्नर को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत रूट डायवर्ट प्लान पर भी कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम और पूर्णागिरी में भी श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंची धाम में मूलभूत सुविधाओं के साथ पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था रखी जाए। कैंची धाम जाने वाले मार्गों में भी पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की जाये। कैंची धाम के लिए शटल बस सेवा शुरू की जाये। कैंचीधाम के लिए बाइपास भी प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि पूर्णागिरी में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कार्यों में तेजी लाई जाये। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के साथ ही मूलभूत सुविधाओं पर तेजी से कार्य किये जाएं।

**दोनों मण्डलों की कनेक्टिविटी पर दिया जोर-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल और कुमांऊ की कनेक्टिविटी को और मजबूत करने, पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से दोनों मण्डलों को श्रद्धालुओं से जोड़ने लिए रानीखेत और चौखुटिया क्षेत्र में होम स्टे और अन्य सुविधाओं को विस्तार देने पर कार्य किया जाए।

**ह्ययात्रा समाधानह्ल मोबाइल एप्लीकेशन का दिया प्रस्तुतीकरण-**

चारधाम यात्रा को सुगम और बेहतर बनाने के लिए ह्ययात्रा समाधानह्ल मोबाइल एप्लीकेशन का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इस मोबाइल एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफार्म पर देना है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से चारों धामों के निकटवर्ती पुलिस स्टेशन, हॉस्पिटल, पार्किंग और अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

## संपादकीय

# परिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां

**स्वस्थ** जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएं जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है। महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे । युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे। इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो । कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों।

# सड़कों की दुर्व्यवस्था व अनुशासित परिचालन का अभाव

**प्रियंका सौरभ**

> उदाहरण के लिए, हैदराबाद में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्ट निर्धारण। सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों में देखा गया है कि व्यस्त समय के दौरान उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक कार उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है और सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए धन जुटाया जा सकता है। विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों ने कार पूलिंग और कंपनी बस सेवाएं शुरू की हैं, जिससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम हुई है। इन पहलों से यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आई है। सब्सिडी और कर लाभ के माध्यम से कार पूलिंग और राइड शेयरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने से इनके अपनाने को और बढ़ावा मिल सकता है। सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के पास पार्क-ऐंड-राइड सुविधाएं स्थापित करने से शहर के भीतरी इलाकों में यातायात कम हो सकता है

**सड़क** जाम जैसी समस्या पहले महानगरों के हिस्से ही थी। छोटे शहर व कस्बे इससे मुक्त थे। मगर अब छोटे-बड़े नगर भी इससे पस्त होने लगे हैं। मध्यम श्रेणी के शहरों में भी सड़कों पर गाड़ियां रेंगती नजर आती हैं। स्थिति यह है कि जो चौक-चौराहे कभी इन शहरों की पहचान हुआ करते थे, आज वे जाम के कुख्यात केंद्र बन गए हैं। महानगरों में एलीवेटेड रोड, फ्लाई ओवर, अंडरपास जैसे नव-निर्माण से जाम की समस्या का कुछ हद तक हल निकाला जा सकता है, निकाला जाता भी है, मगर मध्यम व छोटे शहर बडे. पैमाने पर ऐसा नहीं कर पा रहे। फिर इन नगरों में जाम का चरित्र भी अलग-अलग है। भारत में सड़क जाम की समस्या व्यापक है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगर इससे सर्वाधिक पीड़ित हैं। अमूमन सड़कों की दुर्व्यवस्था व अनुशासित परिचालन के अभाव के कारण ऐसा होता है। पहिये के पीछे फंसे हुए निराश होकर हम घोंघे की गति से आगे बढ़ते हैं। दुर्भाग्य से, यातायात सड़क पर जीवन का एक अपरिहार्य हिस्सा है और अधिकांश समय ऐसा महसूस होता है कि जिस भीड़भाड़ में हम खुद को फँसा हुआ पाते हैं, उससे बचने के लिए हम बहुत काम कर सकते हैं। बीआरटी सिस्टम लागू करने से बस सेवाएं सुव्यवस्थित हो सकती हैं, जिससे तेज और अधिक विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सकता है।

उदाहरण के लिए, अहमदाबाद में बीआरटी ने यातायात की भीड़ और यात्रा के समय को सफलतापूर्वक कम किया है। मजबूत लाइट रेल नेटवर्क विकसित करने से सड़क परिवहन के लिए कुशल विकल्प मिल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहरों को दिल्ली मेट्रो से लाभ हुआ है, जिससे सड़क पर कारों की संख्या में काफी कमी आई है। बस कवरेज का विस्तार और समर्पित बस लेन बनाने से अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। बेंगलुरु में उच्च गुणवत्ता वाली बस सेवाओं की शुरूआत ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। कार्यक्रम लागू किए हैं, जो परिवहन के एक व्यवहार्य साधन के रूप में साइकिलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा वाहनों की भीड़ को कम करते हैं।




**निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय यदि लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, साइकिल का उपयोग करें, पैदल चलें आदि। इससे न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि पर्यावरण संबंधी समस्या भी हल होगी और भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी**

सुरक्षित और सुलभ पैदल यात्री मार्ग बनाने से पैदल चलने को बढ़ावा मिलता है, जिससे मोटर वाहनों पर निर्भरता कम होती है। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन में पैदल यात्री अवसंरचना को बढ़ाने की योजनाएं शामिल हैं। ट्रैफिक सिग्नल को प्रबंधित करने और भीड़भाड़ का पूवानुमान लगाने के लिए रीयल-टाइम डेटा का उपयोग करके ट्रैफिक प्रवाह को अनुकूलित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, हैदराबाद में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्ट निर्धारण। सिंगापुर और लंदन जैसे शहरों में देखा गया है कि व्यस्त समय के दौरान उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक कार उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है और सार्वजनिक परिवहन में सुधार के लिए धन जुटाया जा सकता है। विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों ने कार पूलिंग और कंपनी बस सेवाएं शुरू की हैं, जिससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम हुई है। इन पहलों से यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आई है। सब्सिडी और कर लाभ के माध्यम से कार पूलिंग और राइड शेयरिंग के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने से इनके अपनाने को और बढ़ावा मिल सकता है। सार्वजनिक परिवहन केंद्रों के पास पार्क-ऐंड-राइड सुविधाएं स्थापित करने से शहर के भीतरी इलाकों में यातायात कम हो सकता है। बेंगलुरु जैसे शहरों में ऐसी पहलों से सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं, पार्किंग की कमी दूर हुई है और सड़क पर भीड़भाड़ कम हुई है।

निजी वाहन का उपयोग करने के बजाय यदि लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, साइकिल का उपयोग करें, पैदल चलें आदि। इससे न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि पर्यावरण संबंधी समस्या भी हल होगी और भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी।

अपने यहां सड़कों की मरम्मत ही तभी की जाती है, जब वे धंसती या टूटती हैं, जबकि यह काम नियमित तौर पर होना चाहिए। हालांकि, फुटपाथ का न होना या उस पर अतिक्रमण भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण पैदल यात्री सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं। सड़क जाम हमें कई तरह से प्रभावित करता है। इससे शहरों की आबोहवा तो प्रदूषित होती ही है, अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। अवैध कॉलोनियों का बेतरतीब विस्तार हो रहा है। शहरी नियोजन के अभाव में छोटी-छोटी गलियां बन जाती हैं, जो मुख्य सड़कों को प्रभावित करती हैं। यहां सार्वजनिक परिवहन में सुधार करना होगा। अमूमन जब कभी सार्वजनिक परिवहन की बेहतरी की बात उठती है, तो हर शहर मेट्रो मांगने लगता है। मगर मेट्रो के बजाय आवासन और शहरी कार्यमंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का इस्तेमाल अधिक व्यावहारिक है, जिसमें अलग-अलग शहरों की जरूरतों के मद्देनजर अलग-अलग सार्वजनिक परिवहन को विस्तार देने की बात कही गई है। ये परिवहन-माध्यम बस, लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी), मोनो रेल, मेट्रो कुछ भी हो सकते हैं।

प्रमुख भारतीय शहरों में यातायात की भीड़भाड़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। इसमें सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाना, गैर-मोटर चालित परिवहन को बढ़ावा देना, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन तकनीकों को लागू करना, कार पूलिंग और राइड शेयरिंग को प्रोत्साहित करना और पार्क-ऐंड-राइड सुविधाओं का विकास करना शामिल है।

भविष्य की शहरी योजना को सतत और एकीकृत परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शहर रहने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल बने रहें। इन उपायों को लागू करने से अधिक कुशल और कम भीड़भाड़ वाली शहरी परिवहन प्रणाली का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## कविता

### एक पिता की बेटी

पता नहीं मां के जज्बातों में
क्या स्थान रखती हो बेटी,
पर बाप के लिए तुम जान हो,
कुदरत का दिया हुआ प्यारी चीज
दो सौ प्रतिशत महान हो,
पता नहीं बेटी से महरूम लोग
बेटी के बिना कितना तड़पते हैं,
वो क्रूर हैं जो उनका हिस्सा हड़पते हैं,
बेटी बाप के लिए जान है,
कुदरत का दिया सबसे बड़ा वरदान है,
तुम्हारे बिना मेरी जिंदगी खाली है,
तुम हो तो मेरा हर दिन दीवाली है,
तुम जब भी किसी बाप की जिंदगी में आती हो,
ताउम्र के लिए छा जाती हो,
जो कहते हैं कि बेटी पराई है,
उस मूर्ख को कौन समझाए कि
वो तो पिता की उम्र बढ़ाने आयी है,
पर बेटी तुम बड़ी होती क्यों हो,
पापा के लिए सबसे ज्यादा रोती क्यों हो,
पिता से दूर होकर भी क्यों पास होती हो,
मेरे बिना क्यों उदास होती हो,
बेटी मेरे रग रग में बसा विश्वास है,
बेटी के साथ का हर लम्हा खास है,
लोग कब समझेंगे दुनियादारी को,
बेटी के बिना होती दुश्वारी को,
मैंने दिया है तुझे उड़ने को सारा आसमां,
तू जहां चाहे बना ले आशियां,
मुझे सिर्फ तेरा हंसता वजूद चाहिए,
मुझे तू और तेरा मकदूद चाहिए,
जानता हूं तुझे तेरे पिता का स्वाभिमान चाहिए,
पर मुझे तेरा जगमगाता अरमान चाहिए।

**राजेन्द्र लाहिरी**

# चुनावी चक्रवात का रेमल असंवेदनशील

**मानसून** से पहले बंगाल में चक्रवात रेमल का असर दिखाई दे रहा है ,लेकिन मै देश में चौतरफा राजनीति के चक्रवात की बढ़ती असंवेदनशीलता देखकर हैरान हूँ। राजनीति के चक्रवात में जो उजड़ेगा सो उजड़ेगा लेकिन सबसे पहले संवेदनशीलता राख होती दिखाई दे रही है । सत्ता हासिल करने के लिए राजनीति में मुजरे तक आ पहुंचे हमारे नेताओं को न राजकोट के गेम जोन में राख हुई जिंदगियों को लेकर को रंज है और न दिल्ली के एक अस्पताल के शिशु विभाग में हुयी नवजातों की मौत से कोई मतलब है। रैलियों और रोड शो पर करोड़ों रुपए खर्च करने वाले हमारे भाग्यविधाता एक दिन के लिए अपना चुनावी अभियान बंद कर न राजकोट गए और न दिल्ली के विवेक बिहार। गुजरात के राजकोट स्थित गेमिंग जोन में ढाई दर्जन से अधिक बच्चे और अन्य लोग जलकर राख हो गए ,लेकिन हमारे राजनेताओं का रोम तक नहीं फड़का । कागजी और औपचारिक संवेदनाओं से आगे नहीं बढ़े हमारे नेता। प्रधानमंत्री से लेकर राहुल गाँधी और दीगर दलों के नेताओं के लिए एक सामान्य दुर्घटना है। किसी दल का कोई नेता राजकोट सिर्फ इसलिए नहीं गया क्योंकि इससे उनके चुनावी दौरे में खलल पड़ता । उन्हें अपने रोड शो और रैलियां स्थगित करना पड़तीं। हमारी सरकारें बच्चों को देश की धरोहर मानती ही नहीं हैं,यदि मानती होतीं तो कम से कम एक दिन का राष्ट्रिय शोक तो मनाती ! हमारी सरकार के लिए मारे गए बच्चों और उनके परिजनों की कीमत ईरान के राष्ट्रपति रईसी के मुकाबले शून्य है। आपको बता दें कि राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में लगी आग के मामले में अब तक 27 शव बरामद किए गए हैं। सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। शनिवार शाम पांच बजे भीड़भाड़ वाले गेम जोन में भीषण आग लग गई थी। 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स को बताया कि घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार सुबह घटना स्थल और अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

देश की राजधानी दिल्ली में पूर्वी दिल्ली के विवेक विहारइलाके में एक बेबी केयर सेंटर में आग लगने से 7 नवजात बच्चों की जान चली गई और 5 अस्पताल में भर्ती है. केयर सेंटर के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है.

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. इस हादसे के बाद बच्चों के घर वालों को कोई जानकारी नहीं दी गई उन्हें तब पता चला जब उन्होंने सुबह अखबार पढ़े और टीवी पर न्यूज सुनी और उसके अपने बच्चों को ढूंढते हुए बेबी केयर सेंटर पहुंच। यहाँ नवजात शुशुओं की देखभाल के लिए एक दिन का किराया 15 हजार रुपया लिया जाता था।

## विचार

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री क्यों देखना चाहते हैं देशवासी?

**-प्रो. महेश चंद गुप्ता-**

**हमारे** विशाल और विविधताओं वाले देश के लोग सत्ता के शीर्ष पद पर कोई बदलाव नहीं करना चाहते हैं, यह अपने आपमें अनोखा उदाहरण है। लोकसभा चुनाव के दौरान तमाम तरह की अटकलबाजियों, अनुमानों, पूवानुमानों, आरोप-प्रत्यारोपों के बावजूद देश के लोग प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देखने के लिए लालायित दिखते हैं। विभिन्न मुद्दों पर लोगों की राय अलग हो सकती है लेकिन प्रधानमंत्री के लिहाज से आम राय मोदी के पक्ष में ही जा रही है।

सवाल उठता है कि आखिर क्यों देश के लोग मोदी को तीसरी बार पीएम देखना चाहते हैं? पिछले चुनाव में भाजपा के 303 सांसद जीतकर आए। उनमें से किसी के खिलाफ मतदाताओं में नाराजगी न हो, ऐसा तो संभव ही नहीं है लेकिन विपक्षी दल इस ओर ध्यान न लगाकर मोदी की निंदा में ही लग गए। विपक्ष के पास मोदी विरोध के अलावा कोई एजेंडा ही नहीं है। माहौल ऐसा बन गया है, जिसमें लोगों को इस बात से सरोकार ही नहीं रहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार कौन है, उन्होंने मोदी को वोट देने का मन बना लिया। जिससे यह चुनाव भी 2014 और 2019 के चुनावों की तरह मोदी केन्द्रीत होकर रह गया है। चुनाव प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और मतदाता इस फैसले पर कायम है कि उसे वोट मोदी को देना है। लोग मोदी के जरिए विकसित भारत का सपना देख रहे हैं।

हर सरकार की कुछ खूबियां होती हैं तो कुछ कमियां होना भी लाजिमी है। विपक्षी दल अगर उदाहरण सहित सरकार की कमियां लेकर मतदाताओं के बीच जाते तो शायद कुछ हद तक फायदे में रहते लेकिन उन्होंने सिर्फ मोदी को निशाना बनाया, जो मतदाताओं को पसंद नहीं आया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश में आज भी मोदी लहर है और लोग मोदी के खिलाफ सुनना पसंद नहीं करते हैं। मोदी की यही कमाई है। मोदी ने बतौर पीएम दस साल पूरे कर लिए हैं और इस दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली से देशवासियों के दिलों पर छाप छोड़ी है। दस साल पहले जब मोदी प्रधानमंत्री बने, तब देश की हालत क्या थी और अब उसमें क्या बदलाव आया है, यह साफ तौर पर दिखता है। देश, निराशा और हताशा के वातावरण से बाहर आया है। देश में सकारात्मक वातावरण बना है। लोग आत्मविश्वास से लबरेज हैं। पूरी दुनिया में भारत की धाक है। मोदी की बदौलत देश की राजनीति, सत्ता के चरित्र और प्रशासन के काम करने की शैली में आमूलचूल बदलाव आया है। मोदी सरकार का 10 साल का बेदाग कार्यकाल सराहनीय है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात पर मुहर लगाई है। देश को महाघोटालों और आतंक से मुक्ति मिली है, गरीबों का जीवन बेहतर करने की दिशा में कदम बढ़े हैं। एक ओर जहां विपक्षी दलों के नेता अपने परिवार के विकास पर ध्यान देते रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मोदी ने ह्यसबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकासह्ल के तहत देश के 140 करोड़ लोगों का ख्याल रखा है। मोदी ने शासन व्यवस्था में परिवर्तन की अलख जगाई, उससे समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की ओर कदम बढ़ाना संभव हुआ है। यह मोदी की दूरदर्शिता की है, जिससे अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में कामयाबी मिली है। मोदी ने देश में सांस्कृतिक विकास और पर्यटन विकास को पंख लगा दिए हैं। ऊर्जा, विदेश नीति, सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक उन्नति, गरीब कल्याण, महिला उत्थान समेत हर वर्ग के लिए समर्पित भाव से काम किया गया है। वह एक तपस्वी की तरह काम कर रहे हैं। वह देश के 140 करोड़ लोगों को अपना आराध्य मानकर काम कर रहे हैं। उनके इसी भाव से देश आगे बढ़ रहा है।

पिछले दस सालों में मोदी ने लक्ष्यबद्ध तरीके से काम किया है, जिससे आम आदमी की हालत सुधरी है। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। विपक्षी दलों की तरह मोदी गरीबी हटाओं का नारा नहीं देते बल्कि वह गरीब की आमदनी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई:** UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी देश की जनता?

**आर.के. सिन्हा**

**लोकसभा चुनाव** 2024 के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक-चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे - बड़े ज्योतिषि वगैरह, सभी अपने-अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष हैं। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद, देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडिया ब्लॉक को अधिक सीटें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भारत के लोगों बीते दस सालों के दौरान जो तरक़्की देश में देखी है इतनी तरक्की सत्तर साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जायें तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर ले अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेन्द्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा / एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेन्द्र जी की भविष्यवाणी है।हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेन्द्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूँ और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूँ कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा।

# सूरज चाचा! इतना गुस्सा ठीक नहीं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हो न हो** चाचा मामा से बड़े गुस्सैले होते हैं, नहीं तो चंदा को मामा और सूरज को चाचा क्यों कते। कभी-कभी तो उसका गुस्सा देख दादा भी कह उठते हैं। ब्रह्मांड में कई अनगिनत आकाशगंगा है। उनमें से एक आकाशगंगा का एक छोटा सा भाग है हमारा सौर्य मंडल और सौर्य मंडल का प्रधान है हमारे सूरज चाचा। सूरज चाचा एक ही स्थान पर टिके हैं। वे किसी के आगे-पीछे चिरौरी करने नहीं घूमते। बल्कि दुनिया के लोग उन्हें गर्मी की सेटिंग करने की सलाह दे डालते हैं। हाँ यह अलग बात है कि वे किसी की नहीं सूनचे। उनमें 72% पेड़ों को काटने का हाइड्रोजन वाला गुस्सा, 26% बचे-खुचे पेड़ों को पानी न डालने वाला हिलियम गुस्सा, 2 % पर्यावपरण के नाम पर नौटंकी करने और मुँह काला करवाने वाला कार्बनी गुस्सा, और कभी-कभी किसी के पुण्य पर ऑक्सीजन बनकर प्रेम लुटाने का काम करते हैं। सूरज चाचा का रंग अभी भी सफेद है, इसलिए कि वे किसी खादी की दुकान से कपड़ा नहीं लेते। सूरज चाचा पृथ्वी से 150 मिलीयन किलोमीटर दूरी पर अपने गर्मदार विला में रहते हैं। दूरी बनाए रखने का एक कारण यह भी है कि कहीं कोई नेता उनकी जमीन न हड़प ले। आजकल इनकी किरणें आवश्यकतानुसार धरती पर नहीं पड़ती। हो न हो सूरज चाचा किसी अर्थशास्त्री से ब्लैक मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। ऐसा करने से उनका डिमांड हमेशा बना रहता है। गर्मी के दिनों में तो वातानुकूलित यंत्र बेचने वाली कंपनियों से सांठ-गांठ बनाए रखते हैं। सुना है वे उन्हें कमीशन भी अच्छा देते हैं। सूरज चाचा के प्रकाश में अन्य तारे चमकते है। गरदिश वाले तारे पैसों की चमक से चमकते हैं। चाचा जी आग का गोला हैं। धरती के लोग उन्हीं की आग से सोलार-सोलार खेलते हैं और उनके सामने डरने की नौटंकी करते हैं। वे इंसानों की तरह अंदर-बाहर से अलग नहीं हैं। वे जैसा दिखते हैं, वैसा होते हैं। वैसा करते हैं। गर्मी होना, गर्म करना, गर्म फेंकना इनकी फितरत है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। सूरज चाचा का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी से 28 गुना ज्यादा है। बावजूद इसके वे नेताओं की खरीद-फरोख्त वाले गुरुत्वाकर्षण शक्ति में अभी भी बच्चे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### वी ने स्मार्टफोन प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च किया 'वी गारंटी' प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने प्रीपेड यूजर्स के लिए लिमिटेड पीरियड ऑफर वी गारंटी प्रोग्राम का लॉन्च किया है। यह नई पहल सभी 5 जी एवं नए 4 जी स्मार्टफोन उपभोक्ताओं को बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा उपलब्ध कराएगी। वी के गांरटी प्रोग्राम के तहत, वी के यूजर एक साल के लिए 130 जीबी गारंटीड एक्स्ट्रा डेटा ओवर का लाभ उठा सकेंगे, यानि लगातार 13 सायकल्स के लिए हर 28वें दिन 10 जीबी डेटा उनके अकाउन्ट में ऑटोमेटिकली क्रेडिट हो जाएगा। इस एक्स्ट्रा डेटा ऑफर का लाभ उठाने के लिए वी के यूजर्स को रु 239 या अधिक का डेली डेटा अनलिमिटेड प्लान लेना होगा। यूजर मौजूदा डेटा कोटा खत्म होने के बाद ही इस एक्स्ट्रा डेटा का उपयोग कर सकेंगे। यह ऑफर वी के उन उपभोक्ताओं के लिए वैद्य है जिनके पास 5 जी स्मार्टफोन है या जिन्होंने हाल में नए 4 जी स्मार्टफोन पर अपग्रेड किया है। अवनीश खोसला, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, आज की डिजिटल दुनिया में उपभोक्ताओं को हमेशा कनेक्टेड, उत्पादक बने रहने और मनोरंजन के लिए अतिरिक्त डेटा की जरूरत होती है। वी गारंटी प्रोग्राम को उनकी इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि वे बिना किसी रूकावट के हाई स्पीड डेटा का लाभ उठा सकें। यह पहल सही मायने में अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सुनिश्चित करती है कि हमारे उपभोक्ता डेटा की चिंता किए बिना इंटरनेट का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें।

### कॉम्फीन अपने ऑफिशियल लॉन्च के साथ मैन्स्ट्रुअल केयर में बदलाव लाने के लिए तैयार

**गाजियाबाद।** माहवारी के दौरान हाइजीन को बढ़ावा देने के प्रयास में मैन्स्ट्रुअल हाइजीन से जुड़े नए ब्राण्ड कॉम्फीन ने विश्व माहवारी हाइजीन दिवस के मौके पर




अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की। ब्लू ओशन लैब्स द्वारा समर्थित कॉम्फीन कैरीयोरकॉन्फिडेंस की अवधारणा के साथ हर महिला को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाते हुए इनोवेशन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनने जा रहा है। कॉम्फीन के सह-संस्थापक श्री सिद्धार्थ भवसर ने कहा, कॉम्फीन मैन्स्ट्रुअल केयर टेक्नोलॉजी एक बड़ी प्रगति है। यह गहन अनुसंधान और विकास के बाद आधुनिक मैन्स्ट्रुअल हाइजीन प्रोडक्ट लेकर आया है। हम कॉम्फीन रेंज की सुरक्षा, प्रभाविता और उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मॉलीक्युलर संरचना के अनुकूलन से लेकर आधुनिक निर्माण प्रक्रियाओं तक, हर चरण में महिलाओं के लिए हाइजीन को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने का प्रयास किया गया है। कॉम्फीन के सह-संस्थापक श्री मंजीत विशाल ने कहा, माहवारी के दौरान हाइजीन आज भी एक संवेदनशील मुद्दा है जो हर स्थान की महिलाओं और लड़कियों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। यही कारण है कि विश्व माहवारी हाइजीन दिवस के मौके पर हम एक अग्रणी शक्ति के रूप में कॉम्फीन का लॉन्च करने जा रहे हैं। कॉम्फीन द्वारा पेश की गई सैनिटरी पैड्स की रेंज माहवारी के दौरान महिलाओं को विशेष आराम प्रदान करेगी। इस रेंज में मेन-स्ट्रीम पैड्स के साथ-साथ ग्राफीन-इन्फ्यूज्ड सैनिटरी पैड भी शामिल हैं, जिनका लॉन्च जल्द किया जाएगा। सैनिटरी पैड्स में नोबेल पुरस्कार विजेता टेक्नोलॉजी, ग्राफीन के इस्तेमाल की शुरूआत कर, ब्राण्ड मैन्स्ट्रुअल वैलनैस में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। ये आधुनिक पैड एक अनूठी खोज के साथ पेश किए गए हैं।

# छात्रों ने दूसरे संस्थानों को भी अपने नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया: सुदेश

## भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय महिला विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डा. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः ग्रेजुएट शो का** आयोजन सोमवार को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी आफ डिजाइन में किया गया। संस्थान से ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों ने अपनी बेमिसाल प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय महिला विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डा. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की। डा. छिक कारा ने संबोधित करते हुए कहा कि मेड इन डब्ल्यू.यू.डी. उत्सव का हिस्सा बनना बड़े सम्मान की बात है।




ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की बेमिसाल प्रतिभा और रचनात्मकता को देखा। डा. सुदेश ने कहा कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने हमेशा शिक्षा और इनोवेशन के असाधारण मानकों को बढ़ावा दिया है। जब ग्रेजुएशन करने वाले ये सभी होनहार छात्र एक प्रोफेशनल के तौर पर अपने सफर की शुरूआत करेंगे, तब वे अपने उत्कृष्टता के जज्बे को भी को आगे बढ़ाएंगे। डिजाइन उद्योग में उनके बेमिसाल योगदान को देखने के लिए बेहद उत्सुक हुं। छात्रों ने डिजाइन शिक्षा में एक नया मानक स्थापित किया और दूसरे संस्थानों को भी अपने नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की प्रदर्शनी में इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल लोगों तथा डिजाइन से लगाव रखने वाले लोगों के साथ-साथ आम जनता का भी ध्यान अपनी ओर खींचा। निफटम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबराई, चंद्रशेखर भेड़ा, स्पाइडर डिजाइन के क्रिएटिव हेड ने भी शिरकत की।

# 125 परिवार को दिया गया राशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
तहसील कैंप के जटू राम चौक स्थित जट्टू धर्मशाला में श्री संकट मोचन सेवा समिति द्वारा मासिक राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राशन वितरण कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध उद्योगपति विनोद बंसल ने संस्था के साथ मिलकर 125 गरीब परिवारों को राशन दिया गया। संस्था हर महीने के आखिरी रविवार को जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करती है और इसके साथ कई अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित करती रहती है।इस अवसर पर प्रेम प्रकाश गोस्वामी, बंसी लाल तनेजा, शाम सुंदर राजपाल, धर्मबीर लठवाल, संजय सहगल, अशोक कपूर, प्रधान अमित मदान, सन्नी बोगरा उपस्थित रहे।

# मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर जारी किया अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र** में गर्मी के मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। अगले दो दिनों तक जिले में शुष्क मौसम रहने व लू चलने की संभावना जताई गई है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि जिले में आने वाले दो से तीन दिनों तक शुष्क मौसम व लू का प्रकोप जारी रहने का अलर्ट जारी किया गया है। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लोग अनावश्यक धूप में निकलने से बचे व हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। अगर धूप में घर से निकलते हैं तो सिर पर टोपी रखें या फिर छतरी का इस्तेमाल करें ताकि गर्मी से बचाव रहे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में लोगों से अपने रोजमर्रा के कार्य सुबह व शाम के समय समायोजित करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में भी पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि गर्मी के मौसम में आमजन के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। डीसी ने बताया कि आगामी 28 मई तक जिले में भीषण गर्मी व लू (सिवियर हीट वेव) का अलर्ट है व रात के समय भी तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इसके अलावा 29 मई व 30 मई के दिन भी तापमान गर्म रहेगा इन दोनों दिनों के लिए सचेत व निगरानी का अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

# सरीना ने नेपाल में लहराया भारत का परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने काठमांडू, नेपाल में 20 से 24 मई तक आयोजित साउथ एशियन टेनिस टीम (अंडर-12) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का परचम लहराया । लड़कियों के टीम मुकाबले में सरीना के दमदार खेल की बदौलत भारत ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया । सरीना को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल में उसका जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीय टीम में शामिल सरीना गहलोत, सृष्टि किरण व खुशी कादियान ने



चैंपियनशिप में प्रभावशाली खेल दिखाया। भारतीय टीम ने राउंड रोबिन लीग में शीर्ष स्थान प्राप्त कर खिताब जीता। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में श्रीलंका के अलावा मालदीव, बांग्लादेश और नेपाल को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की । इस प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम एशियाई अंडर-12 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर गई ,जिसका आयोजन कजाकिस्तान में किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने भरोसा जताया कि सरीना एशियाई अंडर-12 चैंपियनशिप में भी अपनी कामयाबी का सिलसिला जारी रखेगी और देश का नाम रोशन करेगी। सीईओ संजय जैन ने कहा

**सफलता**

**▶▶ सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। पिता कृष्ण ने भी लाडली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की**

कि सातवीं कक्षा की छात्रा सरीना ने अपनी मेहनत की बदौलत एक मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इस सफलता के लिए सरीना के कोच व अभिभावकों को भी बधाई दी। सरीना के पिता कृष्ण गहलोत ने भी अपनी लाडली की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी सरीना को बधाई दी ।

# बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, 2 बाइकें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए श्री पुलिस टीम** ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर को सनौली रोड पर काला आंब मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपियों से बाइक चोरी की 2 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान दिलशाद निवासी बलजीत नगर हाल राजा खेड़ी व शाहरूख पुत्र जाने आलम निवास बबैल रोड के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए दोनों आरोपियों ने मिलकर एकाएक बाइक चोरी की 2 वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों ने चोरीशुदा एक बाइक राजाखेड़ी गांव के खेतों में छुपा रखी थी। पुलिस आरोपियों के कब्जे से चोरी की 2 बाइक बरामद कर पूछताछ



के बाद सोमवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए श्री पुलिस टीम को रविवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की सदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सनौली रोड पर काला आंब मोड़ के पास घूम रहे है। युवको के पास बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान दिलशाद उर्फ नोनू पुत्र इरसाद निवासी बलजीत नगर हाल राजा खेड़ी व शाहरूख उर्फ बोना पुत्र जाने आलम निवासी बबैल रोड के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर दोनों युवक बहाने बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त बाइक बीती 4 मई की देर शाम सेक्टर 12 में एक घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में सतपाल पुत्र टेकचंद निवासी सलारगंज गेट की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सघन पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी की 1 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

आरोपियों ने उक्त बाइक नशे की हालत में चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा उक्त अपाचे बाइक राजा खेड़ी गांव के खेतों से बरामद कर बाइक के मालिक की पहचान ना होने पर बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस में लिया।

**चोरी का खुलासा**

**▶▶ सघन पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी की 1 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा**


# एक सप्ताह बाद भी ठीक नही हुई ट्रेनों की स्थिति




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनीः किसानों** को अंबाला-लुधियाना रेल सेक्शन के शंभू रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक से हटे आठ दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद वंदे भारत सहित मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की चाल सुधर नहीं पाई है जो कि दो से तीन घंटे की देरी से गंतव्य स्टेशनों पर पहुंच रही हैं। वहीं स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। न इन ट्रेनों के आने की सही जानकारी मिलती है और न जाने की। रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को देखते हुए लगभग 10 स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की थी, जबकि कुछ अन्य स्पेशल ट्रेनों के संचालन का यात्री बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करीब एक माह तक चले किसान आंदोलन के बाद उम्मीद की जा रही थी कि ट्रेनों का संचालन अब सुचारु हो जाएगा, लेकिन एक सप्ताह बाद ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी से रेलयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के देरी से चलने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी हो रही है बल्कि रेलवे को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है।समस्या के समाधान को लेकर रेलवे अधिकारी लगातार मंथन कर रहे हैं कि वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों की चाल को किस प्रकार सुधारा जाए। इसके लिए पहले आउटर पर खड़े होने वाली ट्रेनों को बिना रुके अब प्लेटफार्म पर भेजना और पांच मिनट की जगह दो मिनट का ठहराव देकर ट्रेनों को गंतव्य की तरफ भेजना अहम है।

# लोक अदालत को लेकर एडीआर सेंटर में बैठक का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : एडीआर सेंटर में** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर एक मीटिंग रखी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वो इस लोक अदालत से संबंधित ज्यादा से ज्यादा केस



उपलब्ध करवाए ताकि ज्यादा से ज्यादा केस सुलझाए जा सकें। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्राइमरी स्कूलों में 31 मई तक अवकाश: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः मई के महीने** में गर्मी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। हर दिन के साथ तापमान में वृद्धि हो रही है। ऐसे में बारिश ही एकमात्र सहारा है लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अभी 1 सप्ताह तक राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा खतरा बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवतियों व किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगियों के लिए है।
डीसी डॉ. शालीन ने प्राइमरी



स्कूलों में 31 मई तक छुट्टियां कर दी थी लेकिन अब भीषण गर्मी के चलते हरियाणा के सभी स्कूलों में 28 मई से छुट्टियां कर दी गई हैं। शिक्षा विभाग का यह आदेश प्रदेश के सभी स्कूलों पर लागू होगा।डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल इसकी अनुपालना करने के निर्देश जारी किए। लिहाजा प्रशासन की एडवाइजरी में बताया है कि बिना किसी जरूरी काम से घर से बाहर निकलने से परहेज करें। रविवार को अम्बाला में गर्मी ने 10 साल का नया रिकॉर्ड बना दिया। तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डीसी ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए सभी निजी व सरकारी स्कूलों में 31 मई तक 5वीं कक्षा तक छुट्टियां कर दी हैं। साल 2014 के बाद रविवार को अधिकतम 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले साल 2014 से मई 2024 में साल 2019 में ही 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि, 2013 में 26 मई को तापमान 45.1 डिग्री तक पहुंच गया था। तापमान शिखर पर होने से लू के थपेड़ों ने जनजीवन को खूब झुलसाया। सुबह से ही गर्मी की तपिश महसूस की जाने लगी थी और दोपहर में हीट वेव ने घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया था। दोपहर में गर्मी का कर्फ्यू नजर आ रहा था।

# समारोह में मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राजकीय आरोही माड़ल** स्कूज छाजपूर कलां में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं और 12वीं कक्षा में मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह में सममानित किया गया। इस दौरान बीआरसी बिजेन्द्र नरवाल, प्रिंसिपल हेमलता बालियान ने मैडल व स्मृति चिन्ह दे कर समानित किया । इस दैरान बिजेन्द्र नरवाल ने कहा कि जो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में या खेलो के क्षेत्र मेहनत करते हैं वह जीवन में कामयाब हो जाते हैं । इसलिए हमें पढ़ाई को प्राथमिकता देनी चाहिए और अपने बच्चों की पढ़ाई की ओर सबको ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में





ऐसी प्रतिभाएं उभर कर बाहर आ रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रिंसिपल हेमलता बालियान ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेने लगे हैं। इसीलिए अनेक विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में मैरिट हासिल कर रहे हैं। जो बच्चे पढ़ाई के माध्यम से आगे बढ़ते हुए देश की तरक्की में हिस्सा बनते हैं और अपने माता-पिता के लिए और अपने दूसरे साथियों के लिए एक मिसाल कायम करते हैं । ऐसे बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढने हर मंजिल हासिल करते हैं। सममानित किए गए मैरिट प्राप्त विद्यार्थी अकांशी, हर्षिता, अंशू, शीतल, अमनिता, भूमिका, दीपांशी, मोनिका, मुस्कान, माही, दंदनी, पायन, तन्नू, वंशिका, अदित्य, चीराग, जतिन, साक्षी, काजल, तनिशा, हिमांशी, अन्नू, कशिश आदि को श्रेष्ट अंक लेने पर सममानित किया गया।

# महंत राजेंद्र पुरी कर रहे हैं अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**करुक्षेत्र, : तीर्थों की** संगमस्थली धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में विश्व शांति एवं सर्वजन कल्याण के लिए जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी की अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या आसमान से सूरज की उगलती आग और तपती धरती पर भी भारी पड़ रही है। अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या कर जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी के दर्शनों के लिए पांचवें दिन भी भारी श्रद्धालु जुटे। श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के उपरांत विधिवत पूजा अर्चना भी की। उल्लेखनीय है कि महंत राजेंद्र पुरी पिछले करीब दो दशक से भीषण



गर्मी में हर वर्ष कठोर अग्नि तपस्या करते हैं। उन्होंने बताया कि चारों ओर जलते अग्नि कुंडों के बीच 45 डिग्री से अधिक तापमान में वे विश्व कल्याण एवं शांति के लिए ही कठोर अग्नि तपस्या करते हैं। ऐसे में इसे संतों की हठधर्मी कहें या धर्म की आस्था कि महंत राजेंद्र पुरी की अग्नि तपस्या में भीषण गर्मी व गर्म हवाएं भी कुछ नहीं बिगाड़ रही हैं।

## लगाव | जग्गी वासुदेव

इच्छा ही दुखों का कारण है' ऐसी सीख देने वालों के मुंह से आपने यह भी सुना होगा, ''किसी व्यक्ति या वस्तु पर आसक्त न बनो, उस पर लगाव न रखो। मोह, आसक्ति या लगाव तुम्हारे विकास के पथ के रोड़े हैं' यों कहकर वे लोग आपको धमकाते हैं। आप तो स्नेह और आसक्ति के साथ जीने के अभ्यस्त हैं। इसलिए उपर्युक्त वर्जना को सुनकर आप पशोपेश में पड़ सकते हैं। ''किसी के साथ कुछ भी हो जाए, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता' ऐसी उपेक्षा या लापरवाही का भाव अनासक्त रहना है-ऐसा गलत अर्थ लेना निश्चय ही अपने आपको धोखा देना है। किसने कहा, लगाव होने पर विकास नहीं होगा? धरती के साथ आसक्त होकर जब पेड़ अपनी जड़ों को माटी के अंदर गहराई से फैलाता है तभी



वह स्वस्थ रूप में पनपता है; अनेक पक्षियों को आश्रय देता है; हवा में प्राणवायु का प्रवाह करता है; फलों को प्रदान कर उपकार करता है। यदि उसे धरती से अलग कर दें तो नष्ट हो जाता है। प्रकृति की तरह ही यह हम पर भी लागू होता है आपके विषय में भी यही बात सही है किसी के कहने में आकर यदि आप स्नेह-बंधन के धरातल से अपने आप को जबर्दस्ती छुड़ाने की कोशिश करेंगे तो निश्चित रूप से स्वयं को घायल कर लेंगे। यदि आपकी सहज प्रकृति स्नेह करने की ओर आसक्त रहने की है तो आप अपनी प्रकृति को बदलने का प्रयत्न मत कीजिए। कोई व्यक्ति मेंढक को लेकर शोध कर रहा था मेंढक को उसने इस तरह प्रशिक्षित किया था कि यदि वह कहता ''कूदो' तो मेंढक तुरंत कूदता। शोध के दौरान वह मेंढक की एक टांग को काटने के बाद बोला ''कूदो'। बेचारा मेंढक तीन टांगों के साथ थोड़ी मुश्किल से कूद पाया। दूसरी टांग काटकर उसने कहा ''कूदो', तब भी मेंढक कष्ट के साथ कूदा। तीसरी टांग काटने पर अत्यंत वेदना के साथ एक टांग से किसी तरह कूदा था। अंत में चौथी टांग को भी काटकर उसने आदेश दिया ''कूदो'। सरकने में असमर्थ होकर मेंढक ने उसे कातर दृष्टि से देखा। वह तो बार-बार मेंढक को कूदने के लिए कहते हुए चिल्लाने लगा। मेंढक बिल्कुल हिला नहीं। उस व्यक्ति ने अपने शोध का निष्कर्ष इस प्रकार लिखा-''चारों टांगों को निकाल देने पर मेंढक की श्रवण-शक्ति समाप्त हो जाती है।' इसी तरह कुछ लोग कोई बात होने पर और किसी नतीजे पर पहुंच कर सिद्धांतों की स्थापना कर देते हैं। दुख के आधारभूत कारण को सही ढंग से समझे बिना यह घोषणा कर देते हैं-इच्छा या आसक्ति से ही दुख पैदा होता है।

## खबरें जरा हटके

# बच्चे को लगी नूडल्स और कोला की लत, 10 साल की उम्र में हुआ 200 किलो वजन



**नई दिल्ली।** फास्टफूड बड़ों और बच्चों दोनों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। डॉक्टर्स भी बच्चों को फास्टफूड से दूर रखने की सलाह देते हैं, लेकिन फास्टफूड के टेस्ट के कारण बच्चे इस ओर आकर्षित होते हैं। इंडोनेशिया में एक दस साल के बच्चे का वजन नूडल्स और कोला की लत के कारण 200 किलो का हो गया।

ज्यादा वजन की वजह से अब यह बच्चा न तो स्कूल जा पा रहा था और न ही ठीक से चल पा रहा था। लगातार बच्चे का वजन बढने के कारण उसकी सर्जरी करनी पड़ी। सर्जरी के बाद भी उसक वजन अन्य बच्चो के मुकाबले काफी ज्यादा है। बच्चे का नाम आर्य मोसंत्री है और वह दिन में पांच बार खाता था। खाने में यह बच्चा काके के साथ इंस्टेंट नूडल्स, चावल, मीट और मछली लेता था। आर्य के माता पिता किसान हैं और बताते हैं कि दिन में इतना खाना खाने के बाद भी आर्य को बहुत भूख लगती है। जब डॉक्टर को दिखाया गया तो डॉक्टर भी उसका वजन देखकर चौंक गए। डॉक्टर ने नॉन वेज छोड़कर केवल हैल्दी डायट आर्य को देने के लिए कहा, लेकिन ऐसा करने के बाद भी उसकस वजन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आखिर में डॉक्टर्स को उसकी सर्जरी करनी पड़ी। आर्य की मां रकैया ने बताया कि उनका बेटा तीन आदमियों के बरार खाना खाता था। आर्य का 17 अप्रेल को ऑपरेशन किया गया था, लेकिन इसके बाद भी केवल 9 किलो वजन ही कम हो सका। हालांकि ऑपरेशन के दो महीने बाद आर्य का 16 किलो वजन और कम हो गया।

## यह स्टाइलिश बंदर इलेक्ट्रिक शेवर से बनवाता है दाढ़ी



**नई दिल्ली।** आपने बंदरों को केवल एक छत से दूसरी छत पर कूद फांद करते या फिर लोगों से खाने का सामान छीनते ही देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी ऐसा बंदर देखा है जो इंसानों की तरह दाढ़ी बनवाता हो। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लाल रंग की टीशर्ट पजाना और पैरों में कार्टून कैरेक्टर वाले जूते पहने एक बंदर इलेक्ट्रिक शेवर से दाढ़ी बनवा रहा है।

इंस्टाग्राम के बैड ऐस ऑफिशियल पेज पर बुधवार को इस वीडियो को अपलोड किया गया था। जाहिर है कि वीडियो में नजर आने वाला बंदर पालतू है और कोई व्यक्ति बाथरूम में इसकी दाढ़ी बना रहा है। बंदर यहां खड़े होकर आराम से दाढ़ी बनवा रहा है।

इसके अलावा बंदर का हेयर स्टाइल भी काफी अलग है। मिलिट्री स्टाइल की हेयर कटिंग इस पर काफी जच रही है। छह घंटे में ही इस वीडियो को 3.15 लाख लोगों ने देख लिया है और इस पर 1200 से ज्यादा कमेंट्स आ चुके हैं।

## सेहत

# दर्द होने पर कान में न डालें गर्म तेल, वर्ना होगा नुकसान



कान में अचानक दर्द होना एक आम समस्या है। यह तकलीफ अमूमन बच्चों को होती है। इसमें बच्चा कानदर्द की वजह से रात को उठकर रोने लगता है और माता-पिता परेशान हो जाते हैं। आइए जानते हैं इसकी वजहों के बारे में।

**कारण:** ज्यादा दिनों तक सर्दी और जुकाम रहने से नाक के पिछले भाग से कान तक आने वाली यूस्टेकियन ट्यूब ठीक से काम करना बंद कर देती है जिससे संक्रमण व सूजन आ जाती है और द्रव्य बढने से कान में दबाव असामान्य हो जाता है। बच्चों में यह ट्यूब छोटी व सीधी होने की वजह से नाजुक होती है इसलिए उन्हें कानदर्द ज्यादा होता है। दर्द से बच्चे की नींद खुल जाती है, बुखार, चिड़चिड़ाहट, दस्त, उल्टी, सुनने में कमी व कान में भारीपन जैसे लक्षण होने लगते हैं। कान में फुंसी, मैल का फूलना, सूजन, गले, दांत व जबड़ों की तकलीफ में भी कानदर्द हो सकता है।

**सावधानी:** दर्द को नजरअंदाज करने से कान में दबाव बढ़कर पर्दे में छेद हो सकता है। अनदेखी से दिमाग व कान के पीछे की मेस्ट्रॉइड हड्डी प्रभावित होती है।

**न पालें भ्रम :** कई बार माता-पिता बच्चे की तकलीफ देखकर उसके कान में गर्म तेल की बूंदें डाल देते हैं जिससे कुछ समय के लिए आराम तो मिलता है लेकिन बाहरी संक्रमण का खतरा रहता है।

**इलाज:** दर्द निवारक, एंटीबायोटिक, एंटीएलर्जिक और एंटीकोल्ड दवाएं दी जाती हैं। नाक की यूस्टेकियन ट्यूब में सूजन को कम करने के लिए डीकंजेस्टेंट ड्रॉप देते हैं। बार-बार कान के पर्दे के पीछे द्रव्य जमा होने पर वेंटिलेशन ट्यूब (ग्रोमेट) से इलाज किया जाता है।

**एहतियात बरतें**

धूल और धुएं से बचें। खट्टी व फ्रिज की ठंडी चीजों से परहेज करें। छोटे बच्चों को केवल मां का दूध पिलाएं। साथ ही मां, बच्चे को लेटकर दूध न पिलाएं। फीड कराते समय बच्चे का सिर थोड़ा ऊंचा रखें। गंदगी व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएं। रोग से ग्रस्त व्यक्ति स्वीमिंग और हवाई यात्रा न करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी क्रम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

दत्ता जी को बहुत से लोग भत्ता जी भी कहा करते थे। शायद इसलिये कि दौरे पर बहुत रहते थे और दौरे पर रहने में उन्हें भत्ता काफी मिल जाता था। मई के पहले हफ्ते की बात है कि उन्हें दो दिन बाद ही टूर पर जाना था। उनका बेटा पप्पी उनके कमरे में आया तो न जाने क्या सोचकर वे उसे पीटने लगे। बच्चो को पिटता देखकर पडौस के एक मित्र उनके पास आए और बच्चो को पीटने का कारण पूछा तो दत्ता जी ने बताया-'दरअसल मैं दो दिन बाद टूर पर जा रहा हूं और टूर की अवधि में ही इस नालायक का रिजल्ट निकल आएगा।'

□ □ □

बंता अपने मित्र से बोला , मेरी पत्नी को मेरा कितना दर्द है।

रात को मैंने उससे कहा कि गर्म, पानी कर दो उसने तुरंत गर्म पानी कर दिया।


तो क्या हुआ पर तुमने उसे गर्म पानी करने की तकलीफक्यों दी। इसलिए कि मैं ठंडे पानी से बरतन नहीं धो सकता।

□ □ □

पति शराब पीकर घर आया और पत्नी से बोला- डार्लिंग आज कुछ ऐसा करो कि मेरे कदम जमीन पर न टिके ।


पत्नी- कमीने फांसी लगा ले।

## काकुरो पहेली 4067




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 4066 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4067



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२


**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4066




## सूडोकु -4067




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4066 हल



## शब्द पहेली - 4067



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली 4066 का हल



# किलियन म्बाप्पे को चुपके से क्या बोले फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन

एजेंसी

**फ्रांस** एक रोमांचक फ्रेंच कप फाइनल मैच में, पेरिस सेंट-जर्मेन एफ.सी. ओलंपिक लियोनिस पर 2-1 से जीत के साथ विजयी हुआ। ओस्मान डेम्बेले ने 22वें मिनट में एक शानदार गोल किया, जिससे एक कड़े मुकाबले का मंच तैयार हो गया। फैबियान रुइज़ ने 34वें मिनट में गोल करके पीएसजी की बढ़त बढ़ा दी। 55वें मिनट में जेक ओ%ब्रायन के गोल की मदद से लियोन ने बहादुरी से वापसी की, लेकिन पीएसजी की रक्षापंक्ति मजबूत रही और उसने जीत सुनिश्चित कर ली। पीएसजी ने अपनी आक्रामक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 28 शॉट्स और 69त पजेशन के साथ खेल में अपना दबदबा बनाया।रियल मैड्रिड में शामिल होने की महत्वाकांक्षा के साथ, एमबीप्पे ल्योन के खिलाफ कूप डी फ्रांस फाइनल के लिए तैयारी कर रहे थे। खेल से पहले, मैक्रॉन ने सुरंग में स्ट्राइकर के साथ छोटी सी बातचीत की। हालाँकि मैक्रॉन के सटीक शब्द अज्ञात हैं, ऐसा लगता है कि वह एमबीप्पे को अलविदा कह रहे थे क्योंकि वह स्पेन की यात्रा के लिए तैयार हो रहे थे। एक अधिक उम्र के खिलाड़ी के रूप में 2024 ओलंपिक में फ्रांस का प्रतिनिधित्व करने की स्ट्राइकर की क्षमता का स्पष्ट रूप से रियल मैड्रिड और मैक्रॉन द्वारा पता लगाया गया है, जिनकी एमबीप्पे के करियर में व्यापक रुचि है। यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि क्या उनका अगला क्लब क्लब इसकी अनुमति देगा।पीएसजी में एमबीप्पे का समय एक उज्ज्वल नोट पर समाप्त हुआ, जिसमें उन्होंने अपने विदाई खेल में फ्रेंच कप जीता।

# तलाक की अफवाहों के बीच, हार्दिक पंड्या टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल होंगे

**नई दिल्ली ।** भारत के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या आगामी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले दोपहर को न्यूयॉर्क में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से जुड़ेंगे। शनिवार रात मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए प्रस्थान करने वाले भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के पहले बैच के दृश्यों में पंड्या एक उल्लेखनीय चूक थी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में कहा गया, वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से हार के साथ आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का अभियान समाप्त होने के बाद पंड्या एक अज्ञात स्थान पर विदेश में छुट्टियां मना रहे थे, और अब लिंक करने के लिए न्यूयॉर्क जा रहे हैं। 1 जून से शुरू होने वाले शोपीस इवेंट के लिए भारतीय टीम के साथ। पंड्या के लिए आईपीएल 2024 में एक कठिन समय था, जहां वह टखने की चोट के बाद अपने निराशाजनक हरफनमौला प्रदर्शन के लिए लगातार सुर्खियों में थे और यहां तक कि घर और बाहर दोनों खेलों में भीड़ द्वारा उनकी आलोचना भी की गई थी।

बल्ले से, हार्दिक ने आईपीएल 2024 के 14 मैचों में 18 की औसत और 143.05 के स्ट्राइक-रेट से सिर्फ 216 रन बनाए। गेंद के साथ, उन्होंने 10.75 की इकॉनमी-रेट और 35.18 की औसत से 11 विकेट लिए।

# भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हट गए

**नई दिल्ली ।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 26 मई को दो सप्ताह पहले प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों में चोट लगने का हवाला देते हुए ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 से बाहर होने का विकल्प चुना। चोपड़ा ने एक्स को लिखा और लिखा, सभी को नमस्कार! हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद, मैंने ओस्ट्रावा में प्रतिस्पर्धा नहीं करने का फैसला किया क्योंकि मुझे अपने एडक्टर में कुछ महसूस हुआ। मुझे अतीत में इसके साथ समस्याएं हुई हैं और इस स्तर पर इसे आगे बढ़ाने से मुझे नुकसान हो सकता है। चोट। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर दूं कि मैं घायल नहीं हूं लेकिन मैं ओलंपिक वर्ष के दौरान कोई जोखिम नहीं लेना चाहता इसलिए यह फैसला लेना पड़ा। एक बार जब मुझे लगेगा कि यह पूरी तरह से ठीक हो गया है तो मैं प्रतियोगिताओं में वापसी करूंगा। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद (एसआईसी)। ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट 28 मई को चेक गणराज्य में होगी।

# बाबर आजम रोहित शर्मा को पछाड़कर टी20आई में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए

**बर्मिंघम।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़कर टी20ई में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। बाबर ने एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के दूसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। शनिवार को मैच की दूसरी पारी में बाबर ने औसत प्रदर्शन किया. उन्होंने 26 गेंदों पर 123.08 की स्ट्राइक रेट से 32 रन बनाए और रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने 4 चौके लगाए लेकिन उनके प्रयास मेन इन ग्रीन को जीत दिलाने में मदद नहीं कर सके।टी-20 में रोहित ने 151 मैच और 143 पारियां खेलीं, जहां उन्होंने 139.97 की स्ट्राइक रेट से 3974 रन बनाए। जबकि बाबर ने 118 मैचों और 111 पारियों में हिस्सा लेकर 129.91 की स्ट्राइक रेट से 3987 रन बनाए। केवल भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ही रोहित और बाबर से आगे हैं। कोहली वर्तमान में 4037 रनों के साथ टी20आई में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच दूसरे टी20आई मैच को याद करते हुए, पाकिस्तान द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर, इंग्लैंड ने इन-फॉर्म ओपनर फिल साल्ट को सिर्फ 13 रन पर ऑलराउंडर इमाद वसीम के हाथों खो दिया, शाहीन अफरीदी ने लॉन्ग-ऑन पर एक अच्छा कैच लपका।

# केकेआर ने जीता आईपीएल 2024 का खिताब, हैदराबाद को दी आठ विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी

**चेन्नई।** श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कोलकाता की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा दिया। केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में तीसरी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले केकेआर ने साल 2012 व 2014 में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद की पूरी टीम को 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट कर दिया। इसके बाद कोलकाता की टीम ने लक्ष्य को सिर्फ 10.3 ओवर्स में हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता को दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज सुनील



नरेन के रूप में पहला झटका लगा। नरेन ने 6 रन बनाए। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज और वेंकटेश अय्यर ने तेजी से रन बटोरते हुए मैच को एकतरफा कर दिया। वेंकटेश ने 26 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 32 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के मदद से 39 रन बनाए। इनके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 6 रन बनाए। कोलकाता ने मात्र 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

हैदराबाद की तरफ से इस मैच में गेंदबाजी में पैट कमिंस और शहबाज अहमद ने 1-1 विकेट हासिल किया। इससे पहले फाइनल मैच में हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम की शुरुआत खराब रही।सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 2 रन और ट्रेविस हेड बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी भी मैच में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तो हैदराबाद की पारी पूरी तरह लड़खड़ा गई। नीतीश रेड्डी 13 रन, एडेन मार्करम 20 रन, एनरिक क्लासन 16 रन, शाहबाज अहमद 8 रन, अब्दुल समद 4 रन, पैट कमिंस 24 रन, जयदेव उनादकट ने 4 रन बनाए। पूरी टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके जबकि मिचेल स्टार्क, हर्षित राणा ने दो-दो विकेट और वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती एवं सुनील नारायण को एक-एक सफलता मिली।

# कांनीनजुकु राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में आरबी अकादमी के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण सहित जीते 10 पदक



एजेंसी

**वाराणसी।** महाराष्ट्र के डी. सी. स्कूल खंडाला में आयोजित कांनीनजुकु राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी स्थित आर. बी. अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 7 स्वर्ण सहित 10 पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन 25 मई 2024 को हुआ था इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के कांनीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी के 6 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। अकादमी के कोच अरविन्द कुमार ने बताया कि अकादमी के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के अलग - अलग वर्गों में 7 स्वर्ण , 1 रजत और 2 कांस्य पदक के साथ कुल 10 पदक जीते । ऋषिका रयान और वेदान्त मिश्रा ने काता और कुमिते में स्वर्ण, आरुषि वर्मा ने काता में स्वर्ण और कुमिते में कांस्य पदक, खुशी मजुमदार ने काता में कांस्य और कुमिते में स्वर्ण, अदिति सोनकर ने कुमिते में स्वर्ण पदक और शिवानी गुप्ता ने कुमिते में रजत पदक जीता।

कोच अरविन्द ने बताया कि ऋषिका रयान को बेस्ट कराटेका का अवार्ड भी मिला। यह अवार्ड जापान से आये मुख्य प्रशिक्षक सोके कोइची यामामुरा, सेंसेई केनतारो यामामुरा और क्योशी परमजीत सिंह के द्वारा प्रदान किया गया।

# एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं दीपा करमाकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीपा करमाकर ने ताशकंद में चल रहे एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप के वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही वह एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बन गईं।

30 वर्षीय दीपा, जो क्वालिफिकेशन में 12.650 के साथ आठवें स्थान पर थीं, ने फाइनल में अपने दो प्रयासों में कुल मिलाकर 13.566 का स्कोर बनाया। उनके बाद दो उत्तर कोरियाई, किम सोन ह्यांग (13.466, 0.100 की पेनल्टी के बाद) और जो क्योंग ब्योल (12.966) थीं। 2015 में



हिरोशिमा में कांस्य (14.725) के बाद यह दीपा का चैंपियनशिप में दूसरा पदक था। आशीष कुमार (फ्लोर एक्सरसाइज, कांस्य, सूरत, 2006) और प्रणति नायक (वॉल्ट, उलानबटार, 2019 और दोहा, 2022 में कांस्य पदक) अन्य भारतीय हैं, जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। यह दीपा का उल्लेखनीय प्रदर्शन था, जो चोटों, दो घुटनों की सर्जरी और डोपिंग उल्लंघन के लिए 21 महीने के निलंबन से वापसी कर रही थीं।

# आईपीएल 2024 का खिताब जीतने पर ममता बनर्जी, जय शाह ने केकेआर को दी बधाई

एजेंसी

**चेन्नई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपना तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम को बधाई दी है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में केकेआर ने चेपॉक में टूर्नामेंट के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराकर अपना तीसरा खिताब जीता।

ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा, कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत ने पूरे बंगाल में जश्न का माहौल बना दिया है। मैं आईपीएल के इस सीज़न में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को व्यक्तिगत रूप से बधाई देना चाहती हूं। आने वाले वर्षों में ऐसे और अधिक आकर्षक प्रदर्शन के लिए



शुभकामनाएं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केकेआर और फ्रेंचाइजी के कप्तान श्रेयस अय्यर को उनके विजयी सीजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बड़ी संख्या में आने और 17वें संस्करण को सफल बनाने के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद दिया।

जय शाह ने एक्स पर लिखा, 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए केकेआर को बधाई! टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक सफल सीजन बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद।

# आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर हुए वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज को अपने टी20 विश्व कप अभियान से पहले उस समय करारा झटका लगा जब ऑलराउंडर जेसन होल्डर चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा सीरीज खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय को होल्डर के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। होल्डर को काउंटी चैम्पियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी।

हालाँकि, क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति में चोट की प्रकृति या उनके ठीक होने की समयसीमा के बारे में नहीं बताया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, जेसन हमारे सेट-अप में एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उनकी अनुपस्थिति निस्संदेह मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह महसूस की जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि जेसन जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर हमारे पास आएंगे। उन्होंने



आगे कहा, हालांकि जेसन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को खोना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन हमें ओबेद मैककॉय की क्षमताओं पर भरोसा है। ओबेद ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय कौशल और वादा दिखाया है, और यह अवसर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने की अनुमति देगा। हमारा मानना है कि वह टीम में एक नई और गतिशील ऊर्जा लाएंगे।

सीडब्ल्यूआई ने पांच रिजर्व खिलाड़ियों का एक पूल भी नामित किया है, जिसमें से टीम में बाद में चोट लगने पर एक प्रतिस्थापन खिलाड़ी को चुना जाएगा। टी20

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा सीरीज खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय को होल्डर के प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है।**

विश्व कप के सह-मेजबान और दो बार के चैंपियन अपने अभियान की शुरुआत 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ करेंगे।

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार हैः रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्ज़ारी जोसेफ (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरोन हेटमायर, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेद मैककॉय, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड।

# फाइनल हारने के बाद रोने लगीं काव्या मारन, वीडियो वायरल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल के 17वें सीजन का खिताब कोलकाता नाइटराइडर्स ने अपने नाम किया। फाइनल में कोलकाता ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से मात दी। सनराइजर्स हैदराबाद की हार के बाद टीम की ऑनर काव्या मारन अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाई और स्टैंड में रोने लगीं। काव्या का इमोशनल वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। कोलकाता की घातक गेंदबाजी के आगे हैदराबाद



113 रन बनाकर सिमट गई। कप्तान पैट कमिंस ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। केकेआर ने 10.3 ओवर में 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। वेंटकेटश अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए। गुरबाज ने 39 रन की पारी खेली।

हैदराबाद की हार के बाद फ्रेंचाइजी की सीईओ काव्या मारन भावुक हो गईं। वह अपनी भावनाओं को काबू न कर सकीं और रोने लगीं। उनकी आंखों से छलकते आंसू कैमरे में कैद हो गए। अब काव्या का इमोशनल वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए एक यूजर ने लिखा कि रुला दिया बेचारी को। वहीं, कई फैंस ने उन्हें दिलासा दिया। हालांकि, काव्या अपने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए तालियां बजाती हुई भी दिखीं।

# विराट कोहली आईपीएल 2024 की मैथ्यू हेडन की टीम में तीन भारतीयों में से एक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट की अपनी आईपीएल टीम में विराट कोहली, संजू सैमसन और जसप्रित बुमरा को नामित किया है। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को ब्रॉडकास्टर के आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी 12 सदस्यीय टीम का खुलासा किया। उन्होंने अपनी टीम के ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर सुनील नरेन और ट्रैविस हेड को चुना. नरेन सीजन में कोलकाता के लिए एक शतक और तीन अर्द्धशतक सहित 482 रन बनाकर शीर्ष पर बने हुए हैं। दूसरी ओर, हेड ने फाइनलिस्ट के लिए 567 रन बनाए और टूर्नामेंट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए एक शतक और चार अर्धशतक भी बनाए। दिग्गज क्रिकेटर ने नंबर के लिए कोहली का नाम लिया. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपने शानदार आईपीएल सीज़न के बाद



तीसरा स्थान। एलिमिनेटर में अपना अभियान समाप्त होने के बाद वह टूर्नामेंट में अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में समाप्त हुए। 15 मैचों में कोहली ने एक शतक और पांच अर्धशतक समेत 741 रन बनाए.

मध्यक्रम में हेडन ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन (531 रन) और रियान पराग (573 रन), लखनऊ सुपर जाइंट्स के निकोलस पूरन (499 रन) और हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन (463 रन) की जोड़ी को शामिल किया. स्पिन विभाग में राजस्थान के युजवेंद्र चहल (18 विकेट) और केकेआर के वरुण चक्रवर्ती (20 विकेट) को जगह दी गई है, जबकि मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (20 विकेट) के साथ राजस्थान के आवेश खान (19 विकेट) और संदीप के. तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व करें. , शर्मा (13 विकेट)।

हेडन की टूर्नामेंट की टीम- सुनील नरेन, ट्रैविस हेड, विराट कोहली, संजू सैमसन, निकोलस पूरन, रयान परान, हेनरिक क्लासेन, युजवेंद्र चहल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रित बुमरा, अवेश खान, संदीप शर्मा।

# फ्रेंच ओपन 2024 : नाओमी ओसाका ने शुरुआती दौर में लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी को हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी से जोरदार वापसी करते हुए तीन साल में रोलांड गैरोस में अपनी पहली जीत हासिल की। जापान की ओसाका, जो हाल ही में मातृत्व अवकाश से लौटी हैं, ने दुनिया की 67वें नंबर की खिलाड़ी के अंतिम प्रतिरोध पर काबू पाते हुए 6-1, 4-6, 7-5 से जीत हासिल की।पेरिस के क्ले कोर्ट में ओसाका की वापसी को काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी का लक्ष्य फ्रेंच ओपन में अपना रिकॉर्ड सुधारना था, जहां वह कभी भी अंतिम 32 से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। मैच की शुरुआत तूफानी कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर हुई। जहां ओसाका ने तेजी से नियंत्रण हासिल कर लिया और लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट केवल 27 मिनट में समाप्त कर दिया।हालाँकि, ब्रोंज़ेटी को आसानी से आउट नहीं किया जाना था। शुरुआत में ओसाका की शक्तिशाली सर्विस के खिलाफ संघर्ष करने के बाद, इटालियन ने दूसरे सेट में अपनी लय हासिल कर ली। दृढ़ता



के साथ, ब्रॉन्ज़ेटी ने 5-4 पर एक महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट को बदल दिया, जिससे निर्णायक को मजबूर होना पड़ा और मैच को अप्रत्याशित चरमोत्कर्ष पर ले आया।अंतिम सेट में ओसाका मजबूत स्थिति में थी और 4-0 से आगे थी, लेकिन ब्रॉन्ज़ेटी ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। फिर भी, ओसाका का लचीलापन चमक गया क्योंकि उसने ब्रॉन्ज़ेटी की सर्विस को एक बार फिर तोड़ दिया, अपनी बढ़त हासिल कर ली और अंत में दो घंटे की लड़ाई को पूरा करने के लिए मैच को पूरा किया।आगे देखते हुए, ओसाका को दूसरे दौर में एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जहां वह गत चैंपियन और भारी खिताब की प्रबल दावेदार इगा स्वियाटेक से भिड़ने के लिए तैयार है। स्वियाटेक, जो अपने शुरुआती मैच में फ्रांस की लिओलिया जीनजीन से भिड़ेंगी, ओसाका के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा का प्रतिनिधित्व करती है, लेकिन मैच टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण होने का वादा करता है।टूर्नामेंट में कहीं और, लातवियाई नौवीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको रोमानियाई जैकलिन क्रिस्टियन पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ आगे बढ़ीं। 2017 चैंपियन का अगला मुकाबला जर्मनी की तात्जाना मारिया या डेन क्लारा टौसन से होगा। 30वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का ने सेट की कमी से उबरते हुए ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड अजला टोमलजानोविक को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना से 0-3 से हार गई

एजेंसी

**एंटवर्प।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में अपना जीत का सिलसिला जारी रखा और रविवार को यहां अर्जेंटीना के खिलाफ 0-3 से हार गई।बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में भारत के लिए अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहला मिनट), मारिया कैंपॉय (39वां) और मारिया ग्रैनाटो (47वां मिनट) ने गोल किए।अर्जेंटीना पहले ही मिनट में आगे बढ़ गया, भारतीय हाई प्रेस को भेदते हुए और शूटिंग सर्कल में घुस गया, जहां डि सैंटो ने ग्रेनाट्टो के शॉट में विक्षेपित होकर अपना पहला गोल किया।जैसे ही भारत को अपने हाफ से बाहर खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा, अर्जेंटीना के प्रभुत्व का दौर शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप खेल के आठ मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे अपनी बढ़त बढ़ाने में असफल रहे।भारत ने एक साथ कुछ पास देना शुरू किया और खेल में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीनी गोलकीपर क्लारा बारबेरी को कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना से 0-3 से हार गई

एजेंसी

**एंटवर्प।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में अपना जीत का सिलसिला जारी रखा और रविवार को यहां अर्जेंटीना के खिलाफ 0-3 से हार गई।बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में भारत के लिए अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहला मिनट), मारिया कैंपॉय (39वां) और मारिया ग्रैनाटो (47वां मिनट) ने गोल किए।अर्जेंटीना पहले ही मिनट में आगे बढ़ गया, भारतीय हाई प्रेस को भेदते हुए और शूटिंग सर्कल में घुस गया, जहां डि सैंटो ने ग्रेनाट्टो के शॉट में विक्षेपित होकर अपना पहला गोल किया।जैसे ही भारत को अपने हाफ से बाहर खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा, अर्जेंटीना के प्रभुत्व का दौर शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप खेल के आठ मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे अपनी बढ़त बढ़ाने में असफल रहे।भारत ने एक साथ कुछ पास देना शुरू किया और खेल में आ गया। उन्होंने अर्जेंटीनी गोलकीपर क्लारा बारबेरी को कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया, जब उदिता ने सर्कल में एक कम ड्राइव की, लालरेम्सियामी को पाया, जो करीब से गोल करने में विफल रही।अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर में कार्यवाही पर नियंत्रण हासिल कर लिया, जिससे कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन बिचू देवी खारीबाम और सलीमा टेटे की सतर्क जोड़ी ने गेंद को नेट से बाहर रखने में मदद की।शूटिंग सर्कल में एक दुर्लभ भारतीय आक्रमण के परिणामस्वरूप पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन दीपिका की ड्रैग फ्लिक को आसानी से रोक दिया गया।

शेष क्वार्टर में अर्जेंटीना ने कड़ी मेहनत की लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूती बनाए रखी और दूसरे हाफ में स्कोर 0-1 बनाए रखा।भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह गोल करने का मौका बनाने में असफल रहा।अर्जेंटीना को 39वें मिनट में सफलता मिली, जब कैंपॉय ने बाएं विंग से गेंद उठाई और कुछ चुनौतियों से बचते हुए सर्कल में प्रवेश किया और सविता पुनिया को छकाते हुए अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत को गोल करने का मौका मिला लेकिन नवनीत कौर के टॉमहॉक को बारबेरी ने बचा लिया।अंतिम क्वार्टर शुरू होते ही अर्जेंटीना को पेनल्टी कॉर्नर मिला और ग्रेनाट्टो ने अगस्टिना गोर्जेलानी के फ्लिक को सविता के ऊपर से गोल में डालकर अपनी बढ़त बढ़ा दी।

अर्जेंटीना ने गोल के बाद तीव्रता बढ़ा दी और ग्रैनाटो के माध्यम से कई मौके बनाकर भारत को पीछे धकेल दिया, लेकिन एक लचीली भारतीय बैकलाइन किसी भी आगे की प्रगति को विफल करने में कामयाब रही।भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अगले मैच में 1 जून को लंदन में जर्मनी से भिड़ेगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 28 मई 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## खानापूर्ति कर रहे राहुल गांधी: चिराग

टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बिहार दौरे पर एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान का बयान आया है। चिराग पासवान का कहना है कि ये लोग जान चुके हैं कि बिहार में इनका कुछ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि ये लोग बस खानापूर्ति कर रहे हैं, ताकि बाद में कोई ये ना कहे कि इतना बड़ा राज्य बिहार जहां से देश की राजनीति की दशा और दिशा तय होती है वहां ये लोग गए ही नहीं।

## पीयूष ने योग कर किया मोदी का प्रचार

**वाराणसी:** वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में शहर में डेरा डाले केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को अलग अंदाज में दिखे। प्रधानमंत्री मोदी को भारी मतों के अन्तर से जीताने के लिए केन्द्रीय मंत्री गोयल महापौर अशोक तिवारी और अन्य भाजपा नेताओं के साथ लोअर टी शर्ट में ही सिगरा स्थित शहीद उद्यान में अलसुबह ही पहुंच गए। उद्यान में मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से बातचीत के दौरान केन्द्रीय मंत्री बेहद सहज रहे। उन्होंने उनके साथ टहलते हुए काशी के विकास को लेकर चर्चा की और प्रधानमंत्री के लिए मत मांगा। इसके बाद योग कर रही महिलाओं के साथ बैठकर योग किया और लाफ्टर योग करते हुए उनके साथ जमकर हंसे। युवाओं और किशोरों के साथ वर्जिश और आधुनिक मशीनों से व्यायाम भी किया। केन्द्रीय मंत्री का यह अंदाज लोगों को खूब भाया। सोशल मीडिया में भी केन्द्रीय मंत्री छाए रहे। व्यायाम के पश्चात केंद्रीय मंत्री गोयल ने शास्त्री नगर सिगरा स्थित चाय की अड़ी पर चाय पीने के बाद इसके पैसे दिए और चाय लेकर उपस्थित लोगों के बीच बैठकर चाय पर चर्चा शुरू की। चाय की चुस्की के साथ शुरू हुई चर्चा में उन्होंने लोगों के विचारों को सुना और कहा कि मोदी की काशी का कायाकल्प हो रहा है और काशी की जनता से मिलकर यही प्रतीत होता है कि काशी पूरी तरह से मोदी मय है।

## गोठान से ही गायों का संरक्षण संभव: कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई गोधन न्याय योजना का नाम बदलकर गौ अभ्यारण किया जा रहा है। भाजपा सरकार के पास गौ सेवा के लिये कोई योजना नहीं है।

उन्होंने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार में 10 हजार से अधिक गौठान बने थे, तीन लाख एकड़ सरकारी जमीन संरक्षित हुयी थी।

# मैदानों में चढ़ा पारा तो पहाड़ों पर उमड़े पर्यटक

## गर्मी से राहत: नैनीताल-शिमला और मनाली में होटल फुल; नहीं मिल रहे कमरे

**जाम की स्थिति**

▶▶ शिमला मनाली, , डलहौजी सहित अन्य स्थलों पर पर्यटकों को होटलों में कमरे नहीं मिल पा रहे हैं



टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल:** उत्तर भारत में भीषण गर्मी के चलते लोग राहत पाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में उत्तराखंड और हिमाचल के पर्यटक स्थलों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। सप्ताहांत पर उत्तराखंड के मसूरी, नैनीताल, शिमला और हिमाचल के मनाली, शिमला, डलहौजी सहित अन्य स्थलों पर पर्यटकों को होटलों में कमरे नहीं मिल पा रहे हैं। जगह-जगह सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। इस कारण आने वाले पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर दिन के समय पहाड़ों में भी गर्मी बनी हुई है, जिसने पर्यटकों की परेशानी बढ़ रही है। हालांकि समर सीजन के रफ्तार पकड़ने के कारण होटल कारोबारियों में खुशी है। उत्तराखंड के तमाम पर्यटक स्थल इन दिनों पैक हो गए हैं। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोग उत्तराखंड की वादियों में पहुंच रहे हैं।

**उत्तराखंड में इस बार गर्मी की चुभन अन्य सालों से ज्यादा:** मसूरी और नैनीताल के साथ ही लैंसडौन, टिहरी झील, औली, ऋषिकेश, धनोल्टी, चकराता, मुनस्यारी, रानीखेत आदि में जबरदस्त भीड़ है। वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण जगह-जगह जाम से भी जूझना पड़ रहा है। मैदानी राज्यों में पारा अधिकांश जगह 45 से ऊपर पहुंच गया है।

**होटलों में 70 से 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी**

**दूसरी** तरफ हिमाचल के मनाली और शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर होटलों में 70 से 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी हो गई है। मनाली में सबसे अधिक भीड़ है।

एक सप्ताह मनाली में 16,167 पर्यटक वाहनों ने दस्तक दी है। गत सप्ताह यह आंकड़ा 12701 था। प्रदेश के विभिन्न पर्यटनस्थलों से भी साढ़े तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे।

**सप्ताहांत में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा:** सप्ताहांत में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। शनिवार को सबसे अधिक 3031 पर्यटक वाहन मनाली आए। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कि समर सीजन ने गति पकड़ ली हैं। नेशनल हाईवे की सड़कें ठीक न होने से जाम अधिक लग रहा है।

हालांकि उत्तराखंड में इस बार गर्मी की चुभन अन्य सालों से ज्यादा है। उत्तराखंड में एक ओर चारधाम यात्रा चरम पर है।

**सैलानी परिवार समेत उत्तराखंड का रुख कर रहे:** वहीं, स्कूलों की छुट्टियां पड़ने से विभिन्न राज्यों के सैलानी परिवार समेत उत्तराखंड का रुख करने लगे हैं। दिन में पर्यटक झरने का आनंद लेने कैंपटी फॉल पहुंचे और यहां पानी में उतरकर चिलचिलाती धूप व गर्मी से निजात पा रहे हैं।

दबाव बढ़ने के कारण सुबह से ही पर्यटक वाहनों को एंट्री प्वाइंट पर ही रोक शटल से शहर तक भेजा गया। इसके बावजूद संपर्क मार्गों व शहर के भीतर जाम की स्थिति रही। शाम तक करीब तीन हजार वाहनों में बीस हजार से अधिक पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## धर्म का नाम लेकर भाजपा सत्ता में रहना चाहती है: प्रियंका



विजय समयाल

**कांगडा:** चंबा के बाद शाहपुर के चंबी पहुंची प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर फिर जुबानी हमला किया। इस चुनाव में हिमाचल में देश की दो सबसे बड़ी पाटियों कांग्रेस-भाजपा में टक्कर है। हाल ही में हुई दो घटनाओं से इन दोनों पार्टियों की सच्चाई जनता के सामने आई है। आपदा में कांग्रेस का एक-एक नेता, एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच रहे। पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर जनता की मदद में लगी रही। पीएम मोदी हिमाचल का अपना दूसरा घर कहते हैं,

**जुबानी हमला**

▶▶ आपदा में कांग्रेस का एक-एक नेता, एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच रहे : प्रियंका गांधी

लेकिन आपदा में एक बार भी यहां नहीं आए। हिमाचल के भाजपा के बड़े नेताओं ने भी सुध नहीं ली। प्रियंका ने कहा कि भाजपा ने अपने धनबल से जनता की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया।

## जहां दिखे भाजपाई, वहां बिछाओ चारपाई: सपा

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने अंतिम चरण की 13 सीटों के चुनाव में भाजपा को घेरने के लिए नया अभियान 'जहां दिखे भाजपाई, वहां बिछाओ चारपाई' शुरू किया है। सपा ने नौ तीखे प्रश्नों के तीर भी तैयार किए हैं। इसमें संविधान बदलने से लेकर आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दों पर प्रश्न शामिल हैं। सपा ने अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा है कि जहां भी भाजपाई या फिर उनके संगी-साथी मिलें तो उन्हें प्रेम से बैठाकर उनके कुछ बोलने से पहले अपने सवाल जरूर पूछिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अंतिम चरण के चुनाव में भाजपा को संविधान, आरक्षण व जातिगत



जनगणना के इर्द-गिर्द ही उलझाकर रखना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए नौ प्रश्न तैयार किए हैं। पार्टी इनका इस्तेमाल इंटरनेट मीडिया पर भी करने जा रही है। सपा पूछेगी कि भाजपा संविधान क्यों बदलना चाहती है? आरक्षण क्यों खत्म करना चाहती है? भाजपा सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना का विरोध क्यों करती है? भाजपा किसान विरोधी कानून बार-बार क्यों लाती है? सपा लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड की भी याद भाजपा को दिलाएगी। सपा यह भी पूछेगी कि भाजपा ने किसानों को कुचलने वालों को टिकट क्यों दिया? सपा प्रज्वल

**सवाल तैयार**

▶▶ सपा ने नौ तीखे प्रश्नों के तीर भी तैयार किए हैं। आरक्षण खत्म करने जैसे मुद्दों पर प्रश्न शामिल हैं

रेवन्ना के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरेगी। सपा पूछेगी...? भाजपा महिलाओं पर शर्मनाक अत्याचार करने वाले अपने पार्टी के लोगों को क्यों बचाती है? सपा महंगाई व युवाओं के प्रश्न भी पूछेगी। सपा यह भी पूछेगी कि...? भाजपा पेपर लीक करा के युवाओं से नौकरी के अवसर क्यों छीन रही है?

## पश्चिम बंगाल के 24 ब्लॉक में हुआ है चक्रवात रेमल का असर

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता: चक्रवात रेमल के प्रभाव से भले ही** बंगाल में मौत कम हुई है लेकिन नुकसान कम नहीं हुआ है। 24 ब्लॉकों और 79 नगरपालिका वार्डों में लगभग 15 हजार घर, ज्यादातर पश्चिम बंगाल के दक्षिणी तटीय इलाके चक्रवात रेमल से प्रभावित हुए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम से कम दो हजार 140 पेड़ उखड़ गए और 337 बिजली के खंभे भी गिर गए। कम से कम 14 हजार 941 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से 13 हजार 938 आंशिक रूप से प्रभावित हुए जबकि 1,003 नष्ट हो गए। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि मूल्यांकन के एक और दौर के बाद आंकड़े संभवतः बढ़ेंगे। जिलों में हमारे अधिकारी काम कर रहे हैं और मूल्यांकन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। नुकसान के अनुमान की गणना की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने दो लाख सात हजार 60 लोगों को 1438 सुरक्षित आश्रयों में स्थानांतरित कर दिया है और फिलहाल 77 हजार 288 लोग वहां हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल 341 दलिया रसोई संचालित की जा रही हैं। हमने तटीय और निचले इलाकों



**तबाही**

▶▶ विभिन्न हिस्सों में कम से कम दो हजार 140 पेड़ उखड़ गए और 337 बिजली के खंभे भी गिर गए

में प्रभावित लोगों को 17 हजार 738 तिरपाल वितरित किए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में काकद्वीप, नामखाना, सागर द्वीप, डायमंड हार्बर, फ्रेजरगंज, बक्खाली और मंदारमणि शामिल हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और इसके तटीय इलाकों में बुनियादी ढांचे और संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ, क्योंकि चक्रवात रेमल ने राज्य और पड़ोसी बांग्लादेश में 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली हैं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। आपातकालीन सेवाएं प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने और बिजली बहाल करने के काम में जुटी हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, लगातार भारी बारिश के कारण अधिकतर प्रभावित क्षेत्रों में इन अभियानों में बाधा आ रही है। तूफान से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित लोगों को भोजन, पेयजल और चिकित्सा सहायता प्रदान करते हुए राहत अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने लोगों से घरों के अंदर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है।

## चार जून तक विज्ञापन जारी करने पर रोक

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट के एकल-न्यायाधीश के फैसले में भाजपा को लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने वाले विज्ञापन जारी करने से रोका गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया, विज्ञापन अपमानजनक



है। पीठ द्वारा मामले पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद भाजपा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पीएस पटवालिया ने मामले को वापस लेने की अनुमति मांगी। इसके बाद मामला वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। 22 मई को, उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा था कि वह एकल-न्यायाधीश पीठ द्वारा पारित अंतरिम

**भाजपा को झटका**

▶▶ न्यायमूर्ति माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया

आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने के इच्छुक नहीं है। एकल-न्यायाधीश पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 4 जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था।

## व्यक्ति ने बार में डीजे पर चलाई गोली, मौत

**नासिक:** झारखंड की राजधानी रांची के एक बार में कर्मचारियों द्वारा शराब परोसने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने डीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को शॉर्ट्स पहने एक्सट्रीम बार में घुसते हुए देखा गया। वह अपनी टी-शर्ट से अपना चेहरा छिपा रहा था। आरोपी के साथ उसके चार दोस्त भी बार में मौजूद थे। वे सभी देर रात तक शराब पीते रहे। जब बार बंद करने के समय पर बार के कर्मचारियों ने उन्हें शराब परोसने से इनकार किया तो आरोपी गुस्से में आ गया। इस दौरान आरोपी और बार कर्मचारियों के बीच बहस हो गई।

## तंबाकू, गुटखा और पान मसाला पर लगाया प्रतिबंध

टीम एक्शन इंडिया

**हैदराबाद:** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने राज्य में तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला के निर्माण और बिक्री पर बैन लगा दिया है।

सरकार ने एक आदेश में कहा है कि तंबाकू उत्पादों के बिक्री, भंडारण, वितरण पर एक साल के लिए रोक रहेगी। यह पाबंदी 24 मई 2024 से प्रभावी होगी। तेलंगाना सरकार ने बताया है कि यह आदेश सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने इसको लेकर एक अधिसूचना जारी की है।



**सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में लगाया प्रतिबंध:** अधिसूचना में कहा गया, "सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में तेलंगाना सरकार गुटखा और पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाती है। यह बैन 24 मई, 2024 से पूरे तेलंगाना में एक साल के लिए लागू रहेगा।"

## धार्मिक ग्रंथों को खत्म करना चाहती हैं ममता: बीजेपी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे। मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "एक निंदनीय बयान में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे! यह अकल्पनीय है कि एक राजनीतिक नेता किसी भी धर्म के श्रद्धेय धार्मिक पाठ के विलुप्त होने की कामना करेगा।"



मालवीय ने कहा कि जबकि मुख्यमंत्री का हिंदू धर्म के लोगों के प्रति तिरस्कार जगजाहिर है, वह "चुपचाप इच्छा रखती हैं" कि कुरान को मिटा दिया जाए।

उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी का हिंदू आस्था और धर्मग्रंथों के प्रति तिरस्कार जगजाहिर है, लेकिन यह बयान न केवल अल्पसंख्यकों के प्रति ममता बनर्जी के गहरे तिरस्कार को बल्कि उनके पाखंड को भी रेखांकित करता है।

वह विशेष रूप से मुस्लिम वोट चाहती हैं, लेकिन चुपचाप चाहती हैं कि कुरान को खत्म कर दिया जाए।" कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम को मुसलमानों से माफी मांगने के लिए कहने के लिए बनर्जी की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के अनुयायियों से माफी मांगने के बजाय अकेले मुसलमानों से माफी मांगने के लिए फिरहाद हकीम को चुना है।"

**साधा निशाना**

▶▶ बंगाल की सीएम ममता ने कहा है कि रामायण, महाभारत, बाइबिल और कुरान एक दिन खत्म हो जाएंगे

## बम गिराने वालों का समर्थन ले रही 'नकली' शिवसेना: मोहन

टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई :** मुंबई में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एमपी सीएम मोहन यादव ने कहा, मुझे गौरव इस बात का है कि मैं बालासाहेब ठाकरे की धरती पर आया हूं। भगवा पताकाएं देश में सबसे पहले विचारधारा की दृष्टि से फैली थी तो मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से फैली थी। आजादी के बाद से हमारी विजय यात्रा चालू हुई, मंदिरों का नया निर्माण चालू हुआ तो 250 साल पहले महाराज शिवाजी के समय से आज तक हो रहा है। सीएम मोहन ने कहा, देवस्थानों के कारण से वर्तमान के दौर में सबसे



ज्यादा कष्ट किसी को हो रहा है तो कांग्रेस और उनके साथ वालों को हो रहा है।

साल 1993 के बम ब्लास्ट के आरोपी इब्राहिम मूसा द्वारा शिवसेना के लिए किये जा रहे प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'लोग बम गिराने वालों का चरित्र जान रहे हैं।

**इंतजार...** घटनास्थल से 27 शव बरामद किए गए हैं, वहीं 33 से अधिक लोग लापता है, पीड़ितों के परिवार अस्पताल के बाहर भीड़ बनाकर खड़े हुए

## राजकोट हादसा: अस्पताल के बाहर रोते-बिलखते पीड़ितों के रिश्तेदार

टीम एक्शन इंडिया

**राजकोट:** 25 मई की शाम राजकोट के गेमिंग जोन में लगी भीषण आग ने देश को झकझोर कर रख दिया है। घटनास्थल से 27 शव बरामद किए गए हैं वहीं 33 से अधिक लोग लापता है। पीड़ितों के परिवार अस्पताल के बाहर भीड़ बनाकर खड़े हुए है। सभी का एक ही सवाल है कि क्या उनके अपने जिंदा है या मर गए! सवाल कई, लेकिन जवाब देने वाला कोई नहीं सिविल अस्पताल में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को पीड़ितों के परिजन घेर कर खड़े है और बस



एक ही सवाल दोहराए जा रहे है कि क्या कोई जिंदा बचा है? धैर्य की सीमा पार कर चुके परिजन पुलिस अधिकारी से पूछ रहे है कि 'साहब...कुछ तो बताइए...बस इतना बता दीजिए कि हमारे अपने जिंदा हैं या नहीं...।

**परिजनों का भड़का गुस्सा, पूछ रहे बस एक सवाल:** गुस्साए परिवार ने वहां मौजूद अधिकारी से कहा कि 'हमें बता दीजिए कि यहां कोई शव नहीं है तो हम यहां से चले जाएं। आप एक घंटे के अंदर रिपोर्ट कर सकते हैं। यदि आप अधिकृत नहीं हैं, तो प्रक्रिया क्या है यह जानने के लिए डॉक्टर को बुलाएं। हमें पुलिस से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन एक डॉक्टर या अधिकारी भेजिए ताकि हम उनसे पूछ सकें।

**तलाश**

▶▶ सभी का एक ही सवाल है कि क्या उनके अपने जिंदा है या मर गए! सवाल कई, जवाब देने वाला कोई नहीं

**अगर आपका बेटा होता तो...** परिजन अपना दर्द और रोते हुए आक्रोश व्यक्त कर रहे है। उन्हें बस ये जानना है कि इस मामले में कुछ हो भी रहा है कि नहीं। परिजनों ने गुस्से में कहा कि 'हमें बताओ कि हमारे रिश्तेदार जीवित हैं या नहीं? अगर आप हमें कोई रिपोर्ट देंगे तो हमें पता चल जाएगा। हम कल से यहां बैठे हैं। हम भी इंसान हैं, हमारी पीड़ा तो देखो। देखो, हम तीन दिन से यहां हैं। आप हमें आधे घंटे के अंदर गायब आंकड़ा बताएं।

## क्या कर्नाटक के गृह मंत्री को प्रोटोकॉल नहीं पता: कुमारस्वामी

टीम एक्शन इंडिया

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी और प्रज्वल रेवन्ना के चाचा ने कहा कि जनता दल (सेक्युलर) हासन के सांसद को कभी बचाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के लिए केंद्र से राज्य सरकार के अनुरोध का वो भी समर्थन करते हैं।

**परमेश्वर पर बरसे कुमारस्वामी:** इस बीच कुमारस्वामी ने कहा कि अगर केंद्र प्रज्वल का राजनयिक



पासपोर्ट रद्द करने का फैसला करता है तो हम उसका स्वागत करते हैं। हालांकि, जद (एस) नेता ने केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं देने का आरोप लगाने के लिए जी परमेश्वर की आलोचना की है और कहा है कि राज्य के गृह मंत्री होने के नाते उन्हें इस मामले में पालन की जाने वाले कानून और प्रोटोकॉल के बारे में पता होना चाहिए।

**घेरा**

▶▶ प्रज्वल रेवन्ना पासपोर्ट मामले में पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने कांग्रेस सरकार को घेरा